


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 263 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 25 जून 2025 डाक 26 जून 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह में शामिल हुए....



**देश-विदेश**
अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना बोले- वो आपातकाल नहीं कांग्रेस का अन्यायकाल था



**फीचर पेज**
पालतू जानवर के रूप में रख सकते हैं ये 5 प्रकार की गोल्डफिश





## अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन की सफल लॉन्चिंग

**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**

एक्सिओम-4 मिशन की सफल लॉन्चिंग हो चुकी है। फाल्कन रॉकेट ने सफलकतापूर्वक अंतरिक्ष की ओर उड़ान भर ली है। भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला मिशन क्रु के हिस्सा हैं। इस मिशन में कई देशों की साझेदारी है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले साल 1984 में अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी। राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष से कहा था, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा। आईएएफ ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की बहन निधि मिश्रा ने कहा, यह न केवल मेरे लिए बल्कि भारत में सभी के लिए गर्व का क्षण है। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती, मैं बस इतना कहना चाहूंगी कि शुभांशु, आपका मिशन सफल हो और आप सुरक्षित हमारे पास वापस आएं। मुझे अच्छा लग रहा है और मैं उम्मीद कर रही हूं कि वह अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करके जल्द ही हमारे पास लौट आए ताकि मैं उसे एक बार फिर गले लगा सकूं। मेरा भाई कहता है - मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इस दुनिया में आपको कुछ भी आसानी से नहीं मिलता। आज हम जो कुछ भी देख रहे हैं, उसके पीछे बहुत मेहनत है। मैं अभी अपने भाई के लिए थोड़ी भावुक हूं।

इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन के पायलट होंगे। मिशन की कमान पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस की मानव अंतरिक्ष उड़ान निदेशक पैगी व्हिटसन संभालेंगी। इसके अलावा, यूरोपियन स्पेस एजेंसी के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावोश उजनांस्की-विस्निएव्स्की (पोलैंड) और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपु मिशन विशेषज्ञ के तौर पर शामिल होंगे। ये चारों अंतरिक्ष यात्री मिलकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कई वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे।

## कांग्रेस का केंद्र सरकार पर तीखा हमला, देश में 11 साल से अघोषित आपातकाल खतरनाक हमले की चपेट में लोकतंत्र

**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**



कांग्रेस ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि बीते 11 वर्षों से देश में अघोषित आपातकाल लागू है। भारतीय लोकतंत्र पर व्यवस्थागत और खतरनाक तरीके से पांच गुना ज्यादा हमला किया जा रहा है, जिसे अघोषित आपातकाल कहना सही होगा। कांग्रेस ने दावा किया कि देश में बेलगाम नफरती भाषण दिए जा रहे हैं और नागरिक अधिकारों का दमन किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर कहा कि सरकार के आलोचकों को बदनाम किया जा रहा है। सत्ता में बैठे लोगों द्वारा नफरत और कट्टरता फैलाई जा रही है। प्रदर्शन करने वाले किसानों को खालिस्तानी करार दिया जा रहा है और जाति जनगणना की मांग करने वालों को शहरी नक्सली बताया जा रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया जा रहा है, अल्पसंख्यक डर में जी रहे हैं, दलित और अन्य हाशिए पर पड़े वर्गों पर निशाना साधा जा रहा है, मंत्री नफरती भाषण दे रहे हैं और उसके बदले उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है। कांग्रेस का यह बयान ऐसे समय आया है, जब केंद्र सरकार संविधान हत्या दिवस मना रही है। आज देश में आपातकाल लागू हुए पूरे 50 साल बीत गए हैं। इंदिरा गांधी ने साल 1975 में देश में आपातकाल लगाया था। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि संविधान का पूरा सम्मान करते हुए इंदिरा गांधी ने उस समय आपातकाल लगाया था। लोकतंत्र में आपातकाल को संवैधानिक मान्यता प्राप्त है, इसलिए आप इसे संविधान हत्या दिवस नहीं मान सकते। इंदिरा गांधी जोड़-तोड़ करके, पैसे का इस्तेमाल करके चुनाव जीत सकती थीं, लेकिन इंदिरा गांधी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा जी लोकतंत्र की चौकीदार थीं। पिछले 11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है। सपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि जब आपातकाल लगाया गया और उसके बाद संघर्ष हुआ, तो यह दूसरा स्वतंत्रता संग्राम बन गया।

मैं भी एक राजनीतिक कार्यकर्ता हूं और उस संघर्ष में सक्रिय था, मैंने इसे देखा। देश की स्थिति भयावह थी, कोई बोल या लिख नहीं सकता था। प्रेस पर पूरी तरह से सेंसरशिप थी। वर्तमान स्थिति उस पिछली स्थिति से काफी मिलती-जुलती है। आज अघोषित आपातकाल है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूर्ण नहीं है। सरकार के खिलाफ बोलने वाले किसी भी व्यक्ति पर मुकदमा चलाया जाता है, मनगढ़ंत मुकदमे चलाए जाते हैं और उसे गिरफ्तार किया जाता है। आज भी सच्ची राजनीतिक स्वतंत्रता का अभाव है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्थापित मूल्यों और भारत की स्वतंत्रता के उद्देश्य की अवहेलना की जाती है।

## विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने का दावा करने वाले पाकिस्तानी मेजर की मौत, वजीरिस्तान में टीटीपी के हमले में हुआ ढेर



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी सेना के मेजर मुईज अब्बास शाह टीटीपी के लड़ाकों के हमले में मारा गया। इस हमले में पाक सेना का लांस नायक जिबरान भी मारा गया। मेजर मुईज अब्बास ने 2019 में भारत के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया था। ये गिरफ्तारी तब की थी जब अभिनंदन के प्लेन पाकिस्तान में क्रैश हो गया था और वह घायल थे। मेजर मुईज ने तब गिरफ्तारी का दावा करके खूब सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन भारत को पाकिस्तान घुटने टेकने पड़े और उसने विंग कमांडर अभिनंदन को सकुशल वापस भेजा था। मेजर मुईज अब्बास शाह पाकिस्तान के चकवाल से ताल्लुक रखते था और वह पाक सेना की स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) का अफसर था। उसकी मौत के बाद पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि वह एक ऑपरेशन के दौरान मारा गया। इस ऑपरेशन में टीटीपी के 11 लड़ाके भी मारे गए।

## सीएम साय ने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले सेनानियों को किया नमन



**रायपुर 25 जून।** सीएम विष्णुदेव साय ने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले सेनानियों को नमन किया। आगे सीएम साय ने कहा, 25 जून 1975, भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय,जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोपकर संविधान की आत्मा को कैद कर लिया था। लोकतंत्र की रक्षा में आवाज उठाने वाले हजारों मीसा बंदियों के बलिदान को चिरस्मरणीय बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। हमारी सरकार ने भी प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि देने की पुनः शुरुआत की, जिसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने रोक दिया था।

## राजोरी के केरी सेक्टर में आतंकी ढेर, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

### इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी



**जम्मू, 25 जून [एजेंसी]।**

राजोरी के केरी सेक्टर के बारात गाला क्षेत्र में मंगलवार सुबह पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों में से एक को सेना ने ढेर कर दिया। आतंकी तीन से चार की संख्या में बताए जा रहे हैं। सतर्क जवानों के फायरिंग शुरू करते ही अन्य आतंकी उल्टे पांव भाग निकले। मारे गए आतंकी का शव नियंत्रण रेखा के पास ही पड़ा है। सूत्रों के अनुसार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच भारतीय सेना ने बारात गाला क्षेत्र में एलओसी के उस पार संदिग्ध हरकत देखी गई। घुसपैठ की कोशिश का पता चलते ही सतर्क जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। सैन्य सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने शाम को मारे गए आतंकी का शव उठाने के लिए प्रयास भी किया, लेकिन जवानों ने गोलीबारी कर इस प्रयास को भी विफल बना दिया।

शव नियंत्रण जीरो लाइन पर ही पड़ा हुआ है।आतंकी घुसपैठ नाकाम करने के बाद सेना ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया है। सेना ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध दिखे तो फौरन सेना को सूचित करें। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस इलाके में यह दूसरी बार घुसपैठ की कोशिश थी।

## एक्शन में मान सरकार, बिक्रम मजीठिया के ठिकानों पर विजिलेंस की रेड, नरजबंद किए गए पूर्व मंत्री




**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व अकाली सरकार में मंत्री रहे बिक्रम सिंह मजीठिया के विजिलेंस ने बुधवार को छामापारी की है। पूर्व मंत्री बिक्रम मजीठिया को अमृतसर में स्थित उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया है। पुलिस की 20 से ज्यादा गाड़ियां उनके आवास वाली गली में खड़ी हैं। फिलहाल विजिलेंस की छापेमारी जारी है और मजीठिया की कोठी के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। विजिलेंस के अधिकारी कोठी के भीतर और कमिश्नरेट अमृतसर पुलिस की टीम ने सारी गली में डेरा डाल रखा है। वहीं, इसको लेकर बिक्रम मजीठिया ने आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने बहुत पहले ही बता दिया था कि जब भगवंत मान सरकार को मेरे खिलाफ झूठे ड्रग केस में कुछ नहीं मिला तो अब वो मेरे खिलाफ नया झूठा केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। मजीठिया ने एक्स पर पोस्ट शेयर की है।उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज विजिलेंस के एसएसपी की अगुवाई में टीम ने मेरे यहां छापा मारा है। भगवंत मान जी, ये समझ लीजिए, आप चाहे जितने भी कागज दे दीजिए, न तो मैं डरूंगा और न ही आपकी सरकार मेरी आवाज दबा पाएगी। मैंने हमेशा पंजाब के मुद्दों पर बात की है और आगे भी करता रहूंगा। मुझे अकाल पुरख, गुरु साहिब पर पूरा भरोसा है। अंत में सत्य की जीत होगी।

## फैक्ट्री में बिखरी पड़ी थीं जली हुई लाशें, भयावह मंजर देख कांप उठे लोग, जिंदगी और मौत से जूझ रहा मालिक का बेटा

**बाहरी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रिठाला में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रिठाला स्थित एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग में जलकर चार लोगों को मौत हो गई, जबकि मालिक का बेटा और एक श्रमिक भी 80 फीसदी तक झुलस गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें रोहिणी के आंबेडकर अस्पताल से आरएमएल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं, एक अन्य श्रमिक मामूली रूप से झुलसा है, जिसका इलाज रोहिणी के आंबेडकर अस्पताल में चल रहा है। फैक्ट्री के पहली मंजिल से चार जले हुए शव मिले हैं, जिनकी शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि राणा कॉम्प्लेक्स, गेट नंबर 2, रिठाला स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई है। कुछ लोग अंदर फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां पाया कि एक तीन मंजिला इमारत में आग लगी है। जिसमें भूतल और पहली मंजिल पर रेडीमेड बैग और प्लास्टिक बैग बनाने का काम होता था। वहीं, पुलिस जांच में पता चला कि इस इमारत के मालिक सुरेश बंसल और उनके बेटे नितिन बंसल भूतल और पहली मंजिल पर फैक्ट्री चला रहे थे। दूसरी मंजिल पर आनंद नाम का शख्स कपड़े का काम करता था।

वहीं, तीसरी मंजिल का उपयोग गोदाम के रूप में किया जा रहा था। जिसे राकेश अरोड़ा नाम के शख्स को किराये पर दिया गया है, जहां डिस्पोजल ऑर्टिकल का काम होता था। शुरुआत में कैट्स एम्बुलेंस ने तीन घायल व्यक्ति 31 वर्षीय नितिन (मालिक का बेटा) और श्रमिक 30 वर्षीय राकेश को फैक्ट्री से निकाला गया, दोनों 80 पर्सेंट तक जले हुए थे। वहीं, 25 वर्षीय श्रमिक वीरेंद्र मामूली रूप से जलने से घायल हो गया।

## ईडी ने साइबर धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में गुजरात, महाराष्ट्र में छापेमारी की



**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन धोशन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है।उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), 'डिजिटल अरेस्ट', कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर बेकसूर लोगों को धमकी देने जैसे विभिन्न साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से आम लोगों को धोखा देने में शामिल थे।साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से भोले-भाले लोगों से प्राप्त धन को या तो 'डमी' व्यक्तियों के केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) का उपयोग करके या फर्जी केवाईसी दस्तावेजों के आधार पर खोले गए बैंक खातों में जमा किया गया था। सूत्रों ने कहा कि विभिन्न 'अंगड़िया' या हवाला ऑपरेटर के माध्यम से इस अवैध धन को क्रिप्टो करेंसी में बदला जाता था और संदेह है कि आरोपियों ने विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक धन भेजा।

## घर से 45 लाख की नकदी पार मेड की ही नियत हुई खराब

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के बोरीवली इलाके में एक व्यवसायी के घर से 45 लाख रुपये की नकदी चोरी करने के आरोप में एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, महिला वहां घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान 36 साल की अनुराधा रणदिवे और 28 साल के अशफाक इस्लाम खान के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज होने के कुछ घंटों बाद ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से 17 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई। शिकायतकर्ता वरुण वासानी थोक किराना व्यापारी हैं। घरेलू सहायक को काम पर रखने के लिए उन्होंने एक निजी एजेंसी से संपर्क किया था, जिसने अनुराधा को यह काम सौंपा था।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## चोर को पकड़कर जूते की माला पहनाई, गाड़ी के बोनट पर बिठाकर शहर में कराई परेड... जम्मू पुलिस के खिलाफ होगी जांच



**जम्मू 25 जून।** जम्मू के बख्शी नगर में पुलिस ने लूट के एक आरोपित पर सार्वजनिक कार्रवाई की गई है। तीमारदार से 40,000 रुपये की लूट के आरोप में गिरफ्तार आरोपित को पुलिस ने अर्द्धनग्न कर गले में जूतों की माला डाल व वाहन के बोनट पर बिठाते हुए महेशपुरा से थाना तक करीब आधा किलोमीटर परेड करवाई। आरोपित की पहचान इशफाक अहमद निवासी श्रीनगर के रूप में हुई है। उस पर 6 जून को उधमपुर के मरोटी तहसील चनैनी निवासी सुरिंदर सिंह से लूट का आरोप है। सुरिंदर उस समय अपने बीमार पिता का इलाज कराने के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसी) जम्मू आया हुआ था। कल दोपहर जब सुरिंदर सिंह दोबारा पिता के इलाज के लिए बोन एंड जाइंट अस्पताल बख्शी नगर पहुंचा तो उसकी नजर इशफाक पर पड़ी। सुरिंदर ने तुरंत उसे पहचान लिया और पकड़ने की कोशिश की। खुद को बचाने के लिए इशफाक ने ब्लेड से सुरिंदर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने इशफाक को दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी बख्शी नगर आजाद मन्हास टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताया गया कि इशफाक नशे की हालत में था और पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी भी कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को अर्द्धनग्न कर उसके गले में जूतों की माला पहनाई और उसे वाहन की बोनट पर बैठाकर सार्वजनिक रूप से घुमाया।

इस पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसके बाद पुलिस विभाग बैकफुट पर नजर आ रहा है। कई लोगों ने पुलिस की इस कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए इसे गैरकानूनी और अमानवीय बताया है। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का एक वर्ग पुलिस की इस कार्रवाई का समर्थन कर रहा है। उनका कहना है कि ऐसे अपराधियों को कड़ा सबक मिलना चाहिए, जो अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर लोगों को निशाना बनाते हैं। वहीं, संपर्क करने पर पुलिस अधिकारियों ने मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

जूतों की माला पहनाकर लूट के आरोपित की परेड निकालने के मामले में एसएसपी जम्मू ने जांच के आदेश दिए हैं।



## खाड़ी तनाव के बीच दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 80 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच ईरान द्वारा अमेरिकी हमले पर की गई प्रतिक्रिया के बाद इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मंगलवार शाम तक 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया और इंडिगो सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए। हवाई अड्डे ने मध्य पूर्व के प्रमुख गंतव्यों के लिए उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया, लेकिन युद्धविराम के बाद सेवाएं फिर से शुरू कर दीं। अहमदाबाद, तिरुवनंतपुरम, मंगलुरु और कोचीन सहित अन्य हवाई अड्डों पर भी देरी का सामना करना पड़ा

# अपने स्वार्थ के लिए इंदिरा ने लगाया था आपातकाल : शिवरतन शर्मा

## संविधान की हत्या करने का श्रेय कांग्रेस को




**कोरबा।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दर्ज सबसे बड़ा काला अध्याय व धब्बा है जो कभी मिट नहीं सकता। कांग्रेस और इंदिरा गांधी ने अपने स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की हत्या की और संविधान की आत्मा को कुचल दिया। जनरल डायर जैसे बर्बर अंदाज में 150 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने नागरिकों को उस दौर की सच्चाई बताने के लिए अभियान शुरू किया है। इस कड़ी में शर्मा कोरबा में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिर्फ आपातकाल नहीं लागू किया था, बल्कि पूरे संविधान और लोकतंत्र को रौंदने का काम किया था। यह कोई युद्धकालीन आवश्यकता नहीं, बल्कि उनकी कुर्सी बचाने की बौखलाहट थी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी को निर्वाचित चुनाव में दोषी ठहराते हुए अयोग्य करार दिया, जिससे घबराकर उन्होंने 25 जून को देश पर आपातकाल लोगो पर थोप दिया। यह फैसला ना तो देशहित में था और ना ही किसी आपदा की मांग थी। न्यायपालिका की स्वतंत्रता छीनी गई। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी ने 39वें और 42वें संविधान संशोधनों के माध्यम से संविधान की मूल आत्मा पर आघात किया। प्रधानमंत्री और शीर्ष पदों को न्यायिक समीक्षा से बाहर कर देना तानाशाही मानसिकता का परिचायक था। न्यायपालिका की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और प्रेस की आज़ादी सभी पर एकसाथ हमला हुआ। वही श्री शर्मा ने कहा कि जो लोग आज संविधान बचाओ का नारा दे रहे हैं, वही इतिहास में संविधान को सबसे ज्यादा रौंदने वाले हैं। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, नगर निगम महापौर संजू देवी राजपूत, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, ज्योति नंद दुबे, पार्षद हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे।भाजपा नेता ने कहा कि आपातकाल के दौरान संजय गांधी जैसे गैर-संवैधानिक व्यक्ति नीतियां बनाने लगे । वही एमआईएसए जैसे काले कानून के तहत एक लाख से अधिक लोगों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंसा गया। जिनमें जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे राष्ट्रपुरुष शामिल थे। मौजूदा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को उस स्थिति में पैरोल नहीं दी गई जब उनकी माता का निधन हो गया था। आज भी कांग्रेस तानाशाही का रवैय्या अपनाए हुए हैं। आज उसे लोकतंत्र खतरे में दिख रहा है और उसी कांग्रेस की इंदिरा ने लोकतंत्र का कबाड़ा कर दिया था।प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई कि आपातकाल की 50वीं बरसी 25 जून को कोरबा में एक विशेष लोकतंत्र संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपातकाल के काले पक्ष जैसे प्रेस सेंसरशिप, मानवाधिकार हनन, राजनीतिक दमन और संस्थागत नियंत्रण को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दिन को लोकतंत्र के पुनस्मरण और जनजागरण के रूप में मनाया जाएगा।

# प्रेमी के लिए पति का मर्डर, पत्नी सहित 5 आरोपियों को कारावास

## एडीजे कोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद दी सजा



**कोरबा ।** दमिया जंगल में रंगनाथ श्याम निवासी मेलनाडीह की हत्या का सच जब सामने आया तो लोग चौक उठे। पाली पुलिस, साइबर सेल और स्नेफर डॉग बाघा की कोशिश से मृतक की पत्नी सहित 5 लोगों की भूमिका इस मामले में उजागर हुई। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद एडीजे मधु तिवारी की कोर्ट ने आरोपियों को धारा 302 में 7 साल और 120 बी 34 में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।वर्ष 2019 में 28 फरवरी को यह घटना हुई थी। खूंटाघाट में चौकीदारी करने वाले 40 वर्षीय रंगनाथ श्याम की हत्या करने के साथ उसका शव दमिया नर्सरी के पास फेंक दिया गया था। सुबह आसपास के लोगों की नजर यहां पड़ी तो वे चौक गए। उन्होंने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। मामला ब्लाइंड मर्डर का था इसलिए कई स्तर पर जांच की गई। मौके पर कोई खास क्लू नहीं मिला, जिस पर पुलिस ने बघा की मदद ली। यह कोशिश कारगर रही। इसके जरिए पुलिस ने जांच की दिशा तय की और आखिरकार यह पता करने में सफल रही कि रंगनाथ श्याम की हत्या के पीछे कौन लोग शामिल रहे। पुलिस ने इस सिलसिले में रंगनाथ श्याम की पत्नी रामकुमारी के साथ-साथ शिवशंकर यादव पिता रामसुंदर यादव 40 वर्ष, रविकरण बाल्मिकी पिता भोले बाल्मिकी 21 वर्ष, सुनील सक्टेल पिता बेटालाल सक्टेल 20 वर्ष, बिन्नी उर्फ विनिता मानिकपुरी पिता नरोत्तम दास मानिकपुरी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि मृतक की पत्नी का अफेयर शिवशंकर यादव से चल रहा था।

रास्ते में बाधा बनने पर महिला ने अपने ही पति को निपटाने की योजना बनाई और 1 लाख 90 हजार में सौदा डील किया। योजना के तहत सहयोगियों ने गनाथ की हत्या कर दी और शव यहां डाल दिया। पुलिस को भ्रमित करने के लिए कई तरीके अपनाए गए। तत्कालीन थाना प्रभारी राजेश पटेल ने बेहतर विवेचना करते हुए मामले को कोर्ट में प्रस्तुत किया। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जो साक्ष्य प्रस्तुत किए। इस आधार पर एडीजे ने मृतक की पत्नी सहित 5 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट में निर्णय के बाद इन्हें जेल भेज दिया गया।

## दिशा एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 30 जून को

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 30 जून को शाम 4 बजे के पश्चात संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।



## पेंशनरों की दो सूत्रीय मांगों को लेकर पोस्टकार्ड अभियान शुरू

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के आह्वान पर सभी पेंशनरों द्वारा दो सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लेखन अभियान शुरू किया गया है। दो सूत्रीय मांगों में मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर विलोपत कर केंद्र सरकार को भेजा जाए और केंद्र के समान देय तिथि से सरकारी कर्मचारी के साथ 55 प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता दिया जाए शामिल है। उक्त मांगों को लेकर जिला शाखा कोरबा के पेंशनर, आर.के. शर्मा, जी.पी. प्रजापति, बसंत कुमार तिवारीजी, नन्दराम बाविसटाले, एस.एस. तोमर, राजेन्द्र जोशी, ए.पी. शुक्ला, सी.पी. साहू ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड भेजा।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार कराया किकबॉक्सिंग संगठन ने



कोरबा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के द्वारा खिलाड़ियों के स्वास्थ्य जागरूकता हेतु हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन सीएमए किकबॉक्सिंग अकैडमी कोरबा में किया गया। सेमिनार में ऑनलाइन माध्यम से मुख्य वक्ता आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं एस स्कॉलर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर डॉ. संतोष रात्रे के द्वारा आनलाइन माध्यम से खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से लेटेंट ट्यूबरक्लोसिस विषय पर व्याख्यान भी डॉक्टर रात्रे के द्वारा दिया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, आकाश गुरुदीवान, प्रभात कुमार साहू, जुनैद आलम, अशोक साहू, अंकुश लाल यादव, शुभम यादव, रमेश साहू, लोकिता चौहान सहित सी एम ए किकबॉक्सिंग अकादमी के सभी प्रशिक्षकों एवं सदस्य गण का सहयोग रहा।

## सेतु विभाग को कारण बताओ नोटिस -वर्क टेंडर में देरी पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा ।** कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने शासकीय कार्यो एवं विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कोरबा जिला कलेक्टर ने कोरबा शहर के व्यस्तम मार्ग सुनालिया नहर पुल के पास अंडरपास निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी वर्क टेंडर जारी नहीं होने पर सेतु विभाग पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्य मे इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। कलेक्टर ने बरसात के मौसम में जिले में डायरिया जैसी जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग को पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूषित जल के सेवन से होने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु विभाग पूरी तरह सक्रियता से कार्य करें। दूरस्थ क्षेत्रों, वनांचलों एवं पीवीटीजी बसाहटों में समय रहते इसके बचाव की पूरी तैयारी सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही पीएचई विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों के हैण्डपम्प सहित अन्य जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटना को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के पूरे अमले को सजग रहने एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम की उपलब्धता बनाए रखने के लिए कहा। जिससे इस प्रकार की घटना होने पर पीड़ित को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार मिल सके।

## प्रशासन के आश्वासन के बाद भी अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक पर नहीं हुई कार्रवाई,

### नाराज परिजन और विभिन्न संगठन 28 जून को करेंगे चक्काजाम

**कोरबा।** गोढ़ी निवासी प्रसूता अंजली सिंह की मौत मामले में जांच और कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही है। सैकड़ो की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने ज्ञापन सौंपकर 5 सूत्रीय मांग की थी। इस पर प्रशासन के अधिकारियों ने आश्वस्त किया था। मियाद पूरी होने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने से नाराज पति सहित अन्य संगठनों ने अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर 28 जून को चक्काजाम की चेतावनी दी है। पति का कहना है कि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन, आमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने परिवार सहित आत्मदाह की बात कही है।पीड़ित पति और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उनके द्वारा 10.06.2025 को अनुविभागीय अधिकारी (रा0) कोरबा के माध्यम से कलेक्टर को 6 सूत्रीय मांगो को लेकर 10 दिवस में कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा गया था। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा शिकायत के संबंध में जाँच दल द्वारा 7 दिवस में रिपोर्ट मांगी गई थी, किन्तु आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की जानकारी संबंधितों द्वारा जमा नहीं किया गया है। ज्ञापन सौंपे 13 दिन व्यतीत हो गया है किन्तु आज तक शासन एवं प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण परिवारजन, ग्रामवासी के साथ साथ क्षेत्रीय दल आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि ज्ञापन पर 5 दिवस के भीतर अगर डॉ. मनियारो कुजुर को निलंबन के साथ श्वेता हॉस्पीटल को बंद नहीं किया जाता है तो 28 जून को सभी ग्रामवासी, सरपंच संघ एवं क्षेत्रीय दलों के द्वारा चक्काजाम, डॉ. मानियारो कुजुर एवं तृप्ति मरकाम का पुतला दहन किया जाएगा। इस दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## चेंबर चुनाव में गजानंद की दावेदारी



**कोरबा।।** जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कोरबा का वर्ष 2025-27 के आसन्न प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए गजानंद अग्रवाल शिव शंकर ट्रेडर्स दरी रोड कोरबा ने अपनी सशक्त दावेदारी की है। उन्हें संस्था चलाने का लम्बा अनुभव भी है। वर्तमान में ये दर्री रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष भी हैं। सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रहते हैं और व्यापारियों की हर समस्यायों का तत्परता के साथ समाधान करने के लिए सदैव तत्पर रहते आये हैं। गजानंद अग्रवाल, दर्री रोड अपने व्यापारिक कार्यों के साथ- साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आये हैं। इनकी लोकप्रियता की वजह से दर्री रोड व्यापारी संघ ने लगातार दो कार्यकाल में निर्वाचित अध्यक्ष चुना और विश्वास जताया। कोरोना के संक्रमण काल के दौरान ये काफी सक्रिय रहे, जिसमें जिला व पुलिस प्रशासन से बेहतर तालमेल स्थापित कर व्यापारी हित में कार्य करते रहे हैं। थोक एवं चिल्हर सामानों के विक्रेता, सभी व्यापारियों के मध्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जो कार्य किया, उससे सभी को राहत भी मिली।

# आरटीई दाखिलें के लिए द्वितीय चरण की प्रकिया 1 जुलाई से

**कोरबा।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत जिले में नर्सरी और कक्षा पहली में निशुल्क दाखिले के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होगी. इस अधिनियम के तहत पहले चरण में गरीबों के बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला देने वाले इस योजना की सीट खाली रह गई है. अभिभावकों का कुछ मोहभंग हुआ है, तो जटिल नियम और मनपसंद स्कूल नहीं मिलने की वजह से इस अधिनियम के तहत निर्धारित सीटें खाली रह गई हैं.आरटीई एक्ट के तहत किसी भी निजी स्कूलों की शुरुआत कक्षा में 25 सीट बीपीएल वर्ग से आने वाले बच्चों के लिए आरक्षित हैं. साल दर साल योजना में कई नियम लागू हुए. ऑनलाइन फॉर्म भरते समय एक निश्चित दायरे के भीतर निवास करने वाले परिवार के बच्चों ही संबंधित स्कूलों में दाखिला मिलता है. बच्चों को भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार उनके संबंधित क्षेत्र के स्कूलों में ही दाखिला मिल सकता है. जिसके कारण अभिभावकों को मनपसंद स्कूल का विकल्प नहीं मिलता. ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों को अपने क्षेत्र के स्कूलों में दाखिला नहीं दिलाना चाहते. जिसके कारण सीट खाली रह जाती है. इसके साथ ही पिछले कुछ सालों में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खुल गए हैं. जहां अन्य सरकारी स्कूलों की अपेक्षा बेहतर शैक्षणिक माहौल है. अभिभावक आत्मानंद स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला दिलवाने चाहते हैं. इसलिए वह आरटीई एक्ट के तहत निर्धारित सीटों पर कम ध्यान देते हैं.


12 जुलाई तक आवेदन

पहले के बाद दूसरे चरण में अभिभावक 12 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे. इसके बाद 22 और 23 जुलाई को लॉटरी के ज़रिए चयनित बच्चों की सूची जारी की जाएगी. चयनित बच्चों को 31 जुलाई तक संबंधित स्कूलों में दाखिला दिलाना होगा. आरटीई के तहत पहले चरण में एडमिशन के बाद वर्तमान में जिले के निजी स्कूलों में साढ़े सीटों पर निःशुल्क शिक्षा का अवसर मिलेगा. पहले चरण में जिले के संबंधित स्कूलों में कई सीटें खाली रह गई थीं, जिन्हें अब इस चरण में भरा जाएगा.

सॉटवेयर के माध्यम से मिलता है प्रवेश

आवेदन के बाद रायपुर से सॉटवेयर के माध्यम से संबंधित स्कूलों में बच्चों का प्रवेश लॉटरी निकालकर किया जाएगा. शिक्षा का अधिकार आवेदन के समय जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्रए आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो ज़रूरी होंगे. पात्र बच्चों की उम्र 3.5 से 6.5 वर्ष के बीच होनी चाहिए. इस बार भी आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रहेगी. अभिभावक शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करें.

# भू-अर्जन के 21 साल बाद सर्वे कराने बुलाई वार्ता-ग्रामीणों ने किया एसईसीएल का विरोध



**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना एसईसीएल दीपका कोयला खदान के विस्तार के लिए हरदीबाजार की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। भू-अर्जन के 21 साल बाद प्रभावितों के मकानों व अन्य परिसंपत्तियों का सर्वे कराने तहसीलदार की उपस्थिति में प्रबंधन के साथ वार्ता विफल हो गई। ग्रामीणों ने एसईसीएल की नीतियों का विरोध जताया। पूर्व में प्रबंधन को सौंपे 17 सूत्रीय मांग पत्र पर कोई विचार नहीं करने पर भी नाराजगी जाहिर की।जानकारी के अनुसार साल 2004 से 2010 के बीच ग्राम हरदीबाजार का दो हिस्से में अधिग्रहण के बाद लगभग 21 साल का लंबा समय गुजर गया। अब माइंस विस्तार से जमीन पर खनन का कार्य शुरू करने एसईसीएल प्रबंधन की ओर से पहल शुरू की गई है। इसी के मद्देनजर ग्राम पंचायत भवन हरदीबाजार में तहसीलदार की उपस्थिति में एसईसीएल दीपका एरिया के अधिकारियों के साथ प्रभावितों की वार्ता हुई। पूर्व में 17 सूत्रीय मांगपत्र प्रबंधन को सौंपा था। ग्रामीणों ने कहा कि इस पर कंपनी मुख्यालय के अधिकारियों से चर्चा कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया था, मगर इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। भू-अर्जन के बाद जमीन की खरीदी-बिक्री भी हुई है। एसईसीएल के अधिकारियों ने नियमानुसार पुराने खातेदारों को ही जमीन का मुआवजा के हकदार होने की बात कही। इस पर जमीन की रजिस्ट्री होने से खरीदार को पूर्ण भूस्वामी मानने और जरूरी सुविधाओं का 100 फीसदी लाभ दिलाने की मांग उठाई। खदान प्रभावितों ने कहा कि बसाहट नहीं लेने पर वर्तमान बाजार दर के हिसाब से 15 लाख रुपए एकमुश्त मुआवजा दिया जाए। मकान व अन्य परिसंपत्तियों के मुआवजा के निर्धारण की जानकारी प्रभावितों को नहीं दी है। नौकरी की पात्रता रखने वाले भू-विस्थापितों की जानकारी भी साझा नहीं की गई है। बताया जा रहा हैं की ये सभी मुद्दे 17 सूत्रीय मांगपत्र में शामिल हैं, मगर एसईसीएल दीपका एरिया प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके हैं।

दूसरी ओर परिसंपत्तियों का मुआवजा देने सर्वे का कार्य शुरू कराने के प्रयास में प्रबंधन लगा हुआ है। ऐसे में मनमानी पूर्वक सर्वे कार्य कराने का विरोध किया जाएगा। सरपंच ग्राम पंचायत हरदीबाजार के सरपंच ने कहा कि पूर्व में एसईसीएल दीपका एरिया प्रबंधन को मांगपत्र सौंपा था, जिस पर अब तक कोई पहल नहीं की गई है। वार्ता में भी इस पर सकारात्मक चर्चा नहीं हो पाई। प्रभावितों ने परिसंपत्तियों के लिए मुआवजा निर्धारण की जानकारी देने और मकान तोड़ने से पहले आधी राशि का भुगतान करने की मांग की गई, मगर इस पर अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।एसईसीएल कोरबा एरिया की मानिकपुर माइंस का विस्तार करने भिलाईखुर्द क्रमांक-1 के प्रभावितों को मनाने में प्रबंधन जुटा हुआ है। वहां के मकानों के नापी सर्वे का विरोध हो चुका है। प्रभावितों ने कहा कि 63 साल पहले एसईसीएल ने जमीन का अधिग्रहण किया है। भिलाईखुर्द क्रमांक-1 के साथ ही रापाखर्रा, ढेलवाडीह, कर्रानारा, बरबसपुर की जमीन का एसईसीएल प्रबंधन ने अधिग्रहण किया है।

## छात्रों की पहली पसंद बने शासकीय महाविद्यालय

कोरबा । कोरबा जिले में भी महाविद्यालयो में स्नातक प्रथम वर्ष के पहले सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से शुरू हो गई है। 12वीं पास छात्र-छात्राएं ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। 9 दिनों में प्रवेश की प्रारंभिक प्रक्रिया में भाग लेने वाले अधिकतर छात्र-छात्राओं की पसंद जिले के शासकीय महाविद्यालय बने हुए हैं। शासकीय महाविद्यालय में सबसे ज्यादा प्रवेश के लिए आवेदन मिले हैं। जिले के तीन बड़े निजी महाविद्यालय की स्थिति कुछ खास नहीं है। आवंटित सीटों की तुलना में 50 प्रतिशत आवेदन भी नहीं मिले हैं। जिन शासकीय महाविद्यालय में सबसे ज्यादा आवेदन मिले हैं, उनमें जिले का पी.जी. कॉलेज सबसे आगे है। यहां विभिन्न संकायों में यूजी की 905 सीटों के लिए 950 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किए हैं। दूसरे स्थान पर गवर्नमेंट मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज है। यहां 500 सीटों की तुलना में 529, कटघोरा की 580 सीटों के मुकाबले 391 और हरदीबाजार कॉलेज की 545 सीटों के लिए 200 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किए हैं।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल का डिजिटल एक्स-रे मशीन हुआ खराब,भटक रहे मरीज

**कोरबा ।** कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल को मिलने वाले सीटी स्कैन व एमआरआई मशीन का तीन साल से इंतजार चल रहा है। परन्तु अब डिजिटल एक्स-रे सेवा भी 2 दिन से ठप्प पडी हैं। इस कारण मरीज परेशान हो रहे हैं। कोरबा जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा होने के बाद लगा कि कुछ सालों के भीतर शहर में सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल तैयार हो जाएगा। 3 साल पहले कॉलेज का संचालन शुरू हुआ और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत निकला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल बनाया गया, जहां मेडिकल कॉलेज के अनुरूप सुविधाएं विकसित की जाने लगी। इमर स्पेशलिटी हास्पिटल के रूम में तैयार हो, इसके लिए शासन-प्रशासन की ओर से सीएसआर व डीस्मारक के माध्यम से सीटी स्कैन मशीन व एमआरआई मशीन की खरीदी की रूपरेखा बनी और स्वीकृति भी मिली, लेकिन 3 साल बाद आज भी उक्त दोनों जरूरी मशीनों का इंतजार चल रहा है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से जल्द खरीदी प्रक्रिया पूरी होने का दावा किया जाता है। सुविधाओं के अभाव में मरीजों को निजी सेंटर जाने की मजबूरी है। दूसरी और अस्पताल में चल रही डिजिटल एक्स-रे मशीन पुराने होने व मरीजों के लोड से हांफने कर अक्सर बिगड़ रही है। 2 दिन से डिजिटल एक्स-रे मशीन भी ठप्प पडी हैं। अस्पताल प्रबंधन मैनुअल तरीके से व्यवस्था चला रहा है, जिससे मिनटों का काम घंटों में हो रहा है। ऐसे में एक्स-रे के लिए पहुंचने वाले मरीज परेशान हो रहे हैं। सोनोग्राफी सुविधा का भी बुरा हाल है, जहां रेडियोलॉजिस्ट की कमी होने से मरीजों को कई दिन इंतजार करना पड़ता है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब तक सीटी स्कैन मशीन की सुविधा नहीं है। एनएमसी की गाइडलाइन के तहत जरूरी होने के बाद भी 3 साल से सीजीएमएससी ने मशीन की खरीदी नहीं की। अब जिला प्रशासन की ओर से डीएमएफ से 13 करोड़ की लागत वाली लेटेस्ट वर्सन की एडवांस सीटी स्कैन मशीन की खरीदी होगी।



## भोजपुर स्कूल में प्रवेश उत्सव में मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

**चांपा।** भोजपुर चांपा स्थित शासकीय विद्यालय में 24 जून को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चांपा के उपाध्यक्ष अमरजीत खटकर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, योगेश अग्रवाल, गणेश श्रीवास, पार्षद अशोक देवांगन, प्रकाश प्रधान, गौतम यादव और आबिदा बेगम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली, छठवीं, नवमी एवं समस्त नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक चंदन लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। बच्चों को पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं।

विगत सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा आठवीं में ओमकार देवांगन ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और प्रेम कुमार रात्रे ने 91.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थियों का चयन एनएमएमएस में हुआ है।

कक्षा दसवीं में किशन लाल ने 91 प्रतिशत, सोनिया सूर्यवंशी ने 88 प्रतिशत (जो आकांक्षा विद्यालय में चयनित हुई है), और सृष्टि ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा बारहवीं में क्रिस्टीना सोनवानी ने 80 प्रतिशत के साथ प्रथम, रीना पटेल ने 76 प्रतिशत के साथ द्वितीय और शुभम देवांगन ने 73 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में संकुल समन्वयक एवं प्राचार्य नवनीत पटेल ने विद्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को जनभागीदारी समिति के समक्ष रखा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक नीरा प्रधान ने पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर ध्यान देने की बात कही, वहीं प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठक निवेदिता मसीह ने प्रवेश उत्सव की जानकारी दी।

अतिथि गणेश श्रीवास ने विद्यालय प्रवेश को उत्सव के रूप में मनाने की बात कही। उपाध्यक्ष अमरजीत खटकर ने विद्यालय की प्रमुख समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया और बच्चों को खेलकूद के प्रति भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता एस. आर. मनहर, मर्सी फ्रैंकलिन, प्रियंका भगत, हरीश सिंह, अशोक यादव, योगेश कुंभकार, अश्वनी सांगवान, चंद्रशेखर माथुर, सुमेद्र कंवर, रामेश्वर कंवर, टिकेश्वर कौशिक, कृष्णा पटेल, छवि पटेल, कमल गढ़वाल, गोरेति तिर्की, स्वाति मरावी सहित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।आभार प्रदर्शन शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह ने किया।

## प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट में बिर्रा की हनी ने पाया 12वां स्थान

**बिर्रा।** प्रदेश के प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में बिर्रा की हनी चंद्रा ने कृषि संकाय में 12वां स्थान हासिल किया। इस सफलता से नगर और चंद्रा समाज ने खुशी जाहिर की है। हनी बिर्रा के प्रतिष्ठित प्रभू चंद्रा की बेटी हैं। वे शुरू से ही मेधावी रही हैं। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा से बारहवीं अच्छे अंकों से पास की। हनी ने पहले ही प्रयास में यह सफलता पाई।

# बेटी से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को कोर्ट ने दिया आजीवन कारावास

**जांजगीर चांपा।** जिले में 2 साल की मासूम से रेप का मामला सामने आया है। बच्ची के सौतेले पिता ने इस घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की मां ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जिसके मुताबिक, शाम के समय जब बच्ची नहीं मिली, तो उन्हें पता चला कि वह प्राइमरी स्कूल के सामने ठेले के पास पड़ी हुई है। बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में पता चला कि आरोपी आशिक देवार ने अपनी सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म किया।घटना 19 अक्टूबर 2024 की है। 8 महीने बाद कोर्ट का फैसला आया है। अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) अनिल कुमार बारा ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

**सभी गवाहों के बाद आरोपी दोषी करार**

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच की। साक्ष्यों के आधार पर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने सभी गवाहों के बयान और



साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद आरोपी को दोषी करार दिया।

**जीवनकाल के लिए कारावास**

जिसपर BNS की धारा 65(च) के लिए आजीवन कारावास और 500 रुपए अर्थदण्ड, धारा65(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत आजीवन कारावास,जिसमें आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल का कारावास अभिप्रेस है और 500- 500 रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया है।

वही अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर प्रत्येक व्यक्तिक्रम के लिए 1 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतने जाने का आदेश दिया गया है। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) चंद्रप्रताप सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मौसमी बीमारियों से लोगों को सुरक्षा के उपाय बताने, खाद-बीज की उपलब्धता और पीएम विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने, आगामी वर्षा ऋतु की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सजग व सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि बीमारियों की रोकथाम प्रभावी ढंग से हो सके। आम जनता को मौसमी बीमारियों से जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं प्रचार अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ड्रेनेज व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए शहरी क्षेत्रों में जल भराव और गंदगी की समस्या को लेकर नगर पालिका अधिकारियों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। उन्होंने ड्रेनेज की समुचित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वय वंदना योजना की प्रगति की जानकारी ली एवं वय वंदना योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना का पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर महोबे ने कहा कि किसानों को किसी भी परिस्थिति में खाद एवं बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मांग के अनुरूप पर्याप्त भंडारण की पूर्व व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही स्थानांतरण नीति के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार के जर्जर भवन में कक्षा का संचालन न किया जाए, बच्चों की सुरक्षा जरूरी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर महोबे ने अतिक्रमण मुक्त किये गये शासकीय भूमि को पुनः अतिक्रमण होने से मुक्त रखे जाने के निर्देश दिए।

## हादसे में एक व्यक्ति की मौत पर अपराध दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग मोची को कुचल दिया, हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। 24 जून को बजरंग चौक ओवरब्रिज के नीचे यह सड़क हादसा हुआ। घटना के बाद नाराज परिजनों ने चक्काजाम कर दिया।

मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस दौरान करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की समझाइश के बाद ट्रक मालिक ने मृतक के परिजनों को तुरंत एक लाख रुपए का मुआवजा दिया। इसके बाद चक्का जाम खत्म हुआ और यातायात सुचारु हो गया।

बताया जा रहा 60 वर्षीय मुन्ना लाल खरे मोची का काम करके अपना जीवन यापन करते थे। वह रोज की तरह काम पर जा रहे थे। बजरंग चौक के ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान- ग्राम देवरी एवं सराइपाली में शिविर आयोजित




**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास को गति देना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आज बलौदा विकासखंड के ग्राम देवरी, कण्डरा के लिए ग्राम पंचायत भवन देवरी में और अकलतरा विकासखंड के ग्राम सराइपाली के सामुदायिक भवन पहरीपारा सराइपाली में शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं और मांग को प्राथमिकता से सुना गया तथा संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया।

इसके साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ वन अधिकार पट्टा, पेंशन योजनाएं, आवास, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं तथा कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**25 जून को ग्राम नवांगाव में होगा शिविर का आयोजन**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 25 जून को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम नवागांव सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## एकल शिक्षकीय विद्यालय नन्दौरखुर्द के बच्चों के शिक्षा में होगा सुधार

**सक्ती।** सक्ती जिले के ग्राम नन्दौरखुर्द में स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहा था। इस स्कूल में लगभग 31 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन स्कूल में केवल एक ही शिक्षक की पदस्थापना होने के कारण बच्चों को पढ़ाई में कई समस्याएं आ रही थी। एकमात्र शिक्षक के भरोसे स्कूल चलाना बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक था।



युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत नन्दौरखुर्द में एक नए शिक्षक की पदस्थापना किया गया है। जिससे न केवल स्कूल में शिक्षा के स्तर में सुधार होगा, बल्कि इससे स्कूली विद्यार्थियों, पालकों और ग्रामीणों में भी खुशी की लहर व्याप्त है। पहले जहां एकल शिक्षकीय शाला होने के वजह से नन्दौरखुर्द के बच्चों को दूसरे ग्राम में पढ़ने के लिए जाना पड़ता था जो इस युक्तियुक्तकरण की पहल से बच्चों की स्कूल संबंधी समस्या का समाधान मिल जाएगा। इससे ग्रामीणों के चेहरे में खुशी नजर आ रही है और वे अपने बच्चों का नामांकन स्थानीय शाला में कराने के लिए आगे आ रहे हैं।

## चौपाटी पुनर्निर्माण एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण में पारदर्शिता पर सवाल





**जांजगीर चांपा।** शिवरीनारायण - नगर पंचायत क्षेत्र में चौपाटी एवं बाम्बे मरीन रोड पर महानदी किनारे बनाए जा रहे रिटेनिंग वॉल के पुनर्निर्माण कार्य को लेकर नगरवासियों में सवाल उठने लगे हैं। इसी संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत को पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि इस कार्य की पारदर्शिता और तकनीकी स्वीकृति से जुड़ी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए।

पत्र के अनुसार, शिवरीनारायण के ऐतिहासिक मेला मैदान स्थित चौपाटी का पुनर्निर्माण बिना स्पष्ट जानकारी के प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण की प्रक्रिया में किसी निविदा अथवा तकनीकी स्वीकृति की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में संदेह की स्थिति बन रही है।

इसी प्रकार बाजू मरीन रोड पर भी पुराने रिटेनिंग वॉल को आंशिक रूप से तोड़कर पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके पीछे की प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं। पत्र में मांग की गई है कि संबंधित अधिकारी पूर्व की रिपोर्ट, स्वीकृति और तकनीकी मंजूरी की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं।

इसके अतिरिक्त, पत्र में बताया गया है कि 15 जून 2025 से शासन द्वारा रेत उठाव पर प्रतिबंध लागू किया गया है। इसके बावजूद, निर्माण कार्य में रेत का उपयोग हो रहा है, जिसकी आपूर्ति के स्रोत की जानकारी भी अस्पष्ट है। संबंधित विभाग से यह भी जानकारी मांगी गई है कि यह रेत कहां से लाई जा रही है, और क्या यह वैध है।नगर के गणमान्य नागरिक अश्वनी केशरवानी द्वारा दिए गए इस मांग पत्र में जनहित और निर्माण कार्य में पारदर्शिता को प्राथमिकता देने की बात कही गई है।

## कल्चुरी वंश गौरव अलंकरण समारोह की तैयारी शुरू

**सक्ती।** कलार समाज परिक्षेत्र शक्ति और जिला कलार समाज शक्ति द्वारा 29 जून रविवार को बिलासपुर के सिम्स ऑडिटोरियम में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे।

## हाई स्कूल सुकली में मना शाला प्रवेशोत्सव

**जांजगीर।** शासकीय हाई स्कूल सुकली में शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती कांति देवी धनराज ,अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमति के. व्ही .कुजूर,विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र धनराज, भूषण ताम्रकार, मुंशी दर्वेश रहे ।अध्यक्षता कर रही सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर धूप दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में बच्चों का तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर बच्चों का सम्मान किया गया। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त ज्योति खरे ,द्वितीय स्थान कृति सूर्य बंशी, तृतीय स्थान प्राप्त रेणुका कश्यप को सरपंच के कर कमलों से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमति चमेली साहू व्याख्याता ने किया। कक्षा 9वी में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर पढ़ाई की विशेष महत्ता के बारे में बतलाते हुए कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना से विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तके,छात्राओं को साइकिल व छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।सब पढ़े सब बढ़े इस विचारधारा के साथ सभी मन लगाकर पढ़े और अपने विद्यालय,परिवार,गांव,जिले का नाम रोशन करे।प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के श्रीमती सविता यादव,श्रीमति रेणुका कश्यप, श्रीमती दीप्ति तिवारी, शीला अनंत,सुलेखा आजाद सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।इसके पश्चात शाला विकास प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक भी रख कर आवश्यक चर्चा की गई।



## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में मनाया योग दिवस



**जांजगीर चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक-21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह योग दिवस छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार पूर्ण कराया गया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' रखा गया है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा योग के महत्व के विषय पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करायी गई। सर्वप्रथम प्रार्थना प्रागंण में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योग के महत्व विषय पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि प्राचीन काल से ही योग भारतवर्ष का अभिन्न हिस्सा रहा है। योग शरीर को निरोगी व सक्रिय रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति आंतरिक व शारीरिक दोनों ही रूप से ऊर्जावान रहता है। साथ ही कक्षावार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं इसके महत्व के विषय पर कक्षा-तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित करायी गई। कक्षा-तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को संस्था की शिक्षिका श्रीमती सीमा पाण्डेय द्वारा योग की विभिन्न मुद्राएं करायी गई। कक्षा-छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को संस्था के संगीत शिक्षक हेमंत गंधर्व द्वारा नाद योग की शिक्षा दी गई। इस अवसर पर प्रातः काल संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थीगण भीमा तालाब जाँजगीर में आयोजित योग कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सम्पूर्ण गतिविधियों को पूर्ण कराया। सम्पूर्ण गतिविधियों के सफल संचालन में संस्था के समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सेवा में कमी हुई उजागर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल को उपभोक्ता आयोग का आदेश- 20 लाख रूपए अदा करे आवेदक को

**जांजगीर चाम्पा।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर ने आदेश पारित करते हुए उपभोक्ता को बड़ी राहत दी है बीमा कंपनी के द्वारा बीमा की राशि देने से इंकार किए जाने पर उपभोक्ता के द्वारा शिकायत पर की गई सुनवाई में आयोग ने बीमा कंपनी को 20 लाख रुपए उपभोक्ता को भुगतान करने का आदेश जारी किया। प्राप्त जानकारी अनुसार उपभोक्ता/ शिकायतकर्ताा विजय कुमार यादव की माँ की मृत्यु बीमा अवधि मे होने पर आई सी आई सी आई प्रूडेंशियल लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा राशि देने से इनकार किया । अब बीमा की राशि 20,00,000/- ( बीस लाख लाख रुपये ) तथा मानसिक कष्ट के लिए 50,000/- (पचास हजार रुपये ) व वाद व्यय 5,000/- देना होगा । उपभोक्ता/ शिकायतकर्ता विजय कुमार यादव निवासी ग्राम खम्हरिया जिला सक्ती की माँ दिल बाई यादव ने अपने जीवन काल में आई सी आई सी आई प्रूडेंशियल लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी से टरम लाईफ कवर बीमा पॉलिसी ली थी । जिसमें उपभोक्ता नामीनी था । उपभोक्ता की माँ की मृत्यु बीमा अवधि में ही घर में सामान्य परिस्थितियों में हो गई । उपभोक्ता ने बीमा




धन की माँग इन्शयोरेंस कंपनी से की परंतु इन्श्योरेन्स कम्पनी ने बीमा दावा इस आधार पर ख़ारिज कर दिया कि बीमा धारक ने अपनी पूर्व बीमारी को छिपाया था तथा बीमा धारक की मृत्यु पालिसी लेने के पहले ही हो चुकी थी कहकर बीमा दवा अस्वीकार कर दिया ।

उपभोक्ता/शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष परिवाद पेश कर अपनी मॉ की मृत्यु बीमा अवधि में होने पर बीमा राशि दिलाए जाने की माँग की । जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू , सदस्य विशाल तिवारी , सदस्य श्रीमती महिमा सिंह ने पेश दस्तावेजों, बीमा पॉलिसी व किए गए तर्कों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर यह पाया कि बीमा पॉलिसी में बीमा अवधि में मृत्यु होने पर बीमा धन बीस लाख रुपये था और उपभोक्ता की मॉ की मृत्यु बीमा लेने के बाद बीमा अवधि में ही हुई है और बीमा धारक ने बीमा लेते समय अपनी बीमारी के संबंध में ग़लत जानकारी नहीं दी थी ।

बीमा कंपनी द्वारा बीमा राशि न दे कर उपभोक्ता के प्रति सेवा में कमी की गई है । जिला उपभोक्ता आयोग ने आई सी आई सी आई प्रूडेंशियल लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता/ शिकायतकर्ता को उसकी माँ की मृत्यु बीमा अवधि में होने पर बीमा राशि 20,00000/- ( बीस लाख लाख रुपये ) तथा मानसिक कष्ट के लिए 50,000/- (पचास हजार रुपये ) व वाद व्यय 5,000/- देने का आदेश , आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया।

नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का भी आदेश दिया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद को स्वीकार कर उक्त आदेश पारित किया गया।

## जिला रोजगार कार्यालय में 27 जून को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 27 जून 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक एयरटेल पेमेंट बैंक, बिलासपुर द्वारा ब्लॉक मैनेजर के 80, पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। ब्लॉक मैनेजर के लिए 12वीं पास शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र जांजगीर चांपा रहेगा। ब्लॉक मैनेजर के लिए वेतनमान 12 हजार से 15 हजार रुपए निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रजेंटेटिव के 40 एवं एग्रीकल्चर आफिसर के 05 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

## खोड़ाखोड़ी तालाब में पेड़ पर लटके मिले जोड़े के शव, पुलिस कर रही जांच

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां ग्राम धनेली के खड़ाखोडी तालाब के पास बबूल के पेड़ पर एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना स्थल सड़क से लगभग 100 मीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों ने देखा कि युवक-युवती दोनों एक ही फंदे से लटके हुए थे। सूचना तुरंत कोटवार के माध्यम से पामगढ़ पुलिस को दी गई।

मृतक युवक की पहचान अमोरा निवासी 24 वर्षीय शैलेंद्र केवट के रूप में हुई है। वहीं युवती की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वह चांपा थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र सोमवार सुबह पिकनिक जाने की बात कहकर घर से निकला था। शाम तक वापस न लौटने पर परिजन चिंतित थे। फांसी की सूचना महंत गांव के साले जी ने फोन पर दी। मौके पर पहुंचने पर युवक और युवती दोनों पेड़ पर लटके मिले।

गौरतलब है कि शैलेंद्र की करीब एक महीने पहले ही शादी हुई थी, ऐसे में इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है।

घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। डायल 112 और पामगढ़ पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे का कारण अज्ञात है, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202506050700009
अ-6/2024-25
ग्राम- कटघोरा, प.ह.नं.-10
तहसील-कटघोरा

आवेदक अनिल जायसवाल पिता स्व. संतलाल, जाति-कलार निवासी ग्राम- सिंधिया, तहसील-पोड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं.-10, तहसील-कटघोरा, स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 383/9 रकबा 0.032 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.032 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में संतलाल पिता रूपनाथ के नाम पर दर्ज है।

आवेदक द्वारा खातेदार संतलाल की मृत्यु दिनांक 08.07.2010 को होने के उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 26.06.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

(सील) **तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## अनमोल वचन......

किसी अच्छे इंसान से कोई गलती हो तो सहन कर लो क्योंकि मोती अगर कचरे में भी गिर जाए तो भी कीमती रहता है....

# बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता बाहरी जिम्मेदार नहीं

*बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस का कहना है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती थी मगर हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। ब्रिटेन की चार दिवसीय यात्रा के दौरान लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के साथ बातचीत के दौरान यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लोकतांत्रिक रोडमैप सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा, भारत हमारा पड़ोसी है, हम नहीं चाहते कि उनके साथ कोई बुनियादी समस्या हो। मगर भारतीय प्रेस में आने वाली खबरों को फर्जी ठहराते हुए कहा कि हर बार चीजें गलत हो जाती हैं और लोग कहते हैं कि इसका संबंध शीर्ष स्तर के नीति निर्माताओं से है। यही बात बांग्लादेश को बहुत बेचैन और क्रोधित करती है। उनका कहना है, इस क्रोध को काबू करने की कोोशिश करते हैं मगर साइबर स्पेस में बहुत सारी चीजें होती रहती हैं। शेख हसीना के निष्कासन के बाद भारत-बांग्लादेश के संबंधों में तनाव आ गया। यूनुस की मांग पर कि हसीना लोगों से वैसी बातें न करें, जैसी वह ऑनलाइन अकसर करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर हसीना की गतिविधियों को नियंत्रित न कर सकने की बात की, जिसे उन्होंने विस्फोटक स्थिति बताया। इसी दरम्यान भारत सरकार ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक निवास पर की गई तोड़-फोड़ की कड़ी निंदा की।यूसुफ ने बीते साल बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख का पदभार संभाला था। जनता के दबाव के बाद उन्होंने 2026 में राष्ट्रीय चुनाव की घोषणा की। बेशक वे अपने मुल्क में मचे राजनीतिक घमासान और कानून-व्यवस्था से अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान भटकाना चाहते हैं। बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता के लिए कोई बाहरी जिम्मेदार नहीं हो सकता। भारत अपने पड़ोसियों से सकारात्मक व रचनात्मक संबंध रखने पर बारीक नजर रखता है।रही बात हसीना को राजनीतिक शरण देने की तो मामला अब अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के समक्ष है। मामले की गंभीरता को समझते हुए दोनों मुल्कों को आपसी असहमतियों को दूर करने के प्रयास करने चाहिए। हालांकि जब तक वहां चुनी हुई सरकार नहीं आती, तब तक कोई भी निर्णय अंतिम नहीं माना जा सकता।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। छात्र अपने अधूरे काम पूरे कर लेंगे। परिवार में धार्मिक आयोजन के योग बन रहे हैं, आज अपने खान-पान पर कंट्रोल रखें और बदलते मौसम में सेहत के लिहाज से अपना ध्यान रखेंगे।

**मिथुन राशिः** आपके लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह कामों में धन खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना थोड़ा सा मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। आपके काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आपको समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं।

**तुला राशिः** आपके लिए आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज आपका समाज में उचित सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी व्यर्थ के वाद - विवाद में नही पड़ेगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। भाई - बहनों के साथ रिश्तों में मजबूती आयेगी, किसी काम में उनका सहयोग भी मिलेगा आज आपकी निजी समस्या सुलझ सकती है। आपका व्यापार भी अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे।

**धनु राशिः** आपके लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार तथा जागरूकता आपके आत्मविश्वास तथा आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सोल्यूशन मिल जायेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है।

**मकर राशिः** आपके लिए आज का दिन ठीक ठाक बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में रह सकते है। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते है। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। नौकरी में कार्यभार संबंधित कुछ दिक्कतें आएंगी।

**कुम्भ राशिः** आपके लिए आज का दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बिताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगी। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**मीन राशिः** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें तथा आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी।

# युद्ध से युद्ध का अंत नहीं होता

//डॉ. एस.के. मिश्र//

**हाल में 10 जून को मध्य गाजा में अमेरिका समर्थित एक मानवीय समूह द्वारा संचालित सहायता वितरण स्थल पर हजारों विस्थापित लोगों के पंहुचने के दौरान इजरायली गोलाबारी से कम से कम 17 फिलिस्तीनी मारे गए तथा दर्जनों घायल हो गए। उल्लेखनीय है कि इजरायली सैन्य क्षेत्र के अंदर स्थित इजरायल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' के सहायता वितरण केंद्र पर लगभग प्रत्येक दिन गोलीबारी की घटना घटित हो रही है।**

इजरायल का स्पष्ट कहना है कि उसने हमास पर लगाम लगाने के लिए यह व्यवस्था की है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने इस नवीन व्यवस्था को यह कह कर नकार दिया है कि इसके कारण गाजा में व्याप्त भुखमरी के संकट का समाधान नहीं किया जा सकेगा और इजरायल इस सहायता वितरण केंद्र को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगा।

इजरायली सेना के प्रवक्ता एफी डिफ्रिन का कहना है, 'हमास ने हताहतों की संख्या बहुत बढ़ा-चढ़ा कर बताई है।' इजरायल सुरक्षा बल (आईडीएफ) और इजरायल सुरक्षा एजेंसी ने घोषणा की कि उन्होंने 36 वर्षीय एक थाई नागरिक नट्टपोंग पिंटा का शव बरामद किया है, जिसे 7 अक्टूबर के हमले के दौरान मुजाहिदीन ब्रिगेड ने अगवा कर लिया था। उस बीच हमास की सशस्त्र शाखा अल कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया कि इजरायली सेना गाजा में एक विशेष स्थान की घेराबंदी कर रही है, जहां इजरायली बंधक को रखा गया है और जिसकी पहचान प्रवक्ता अब्बू ओबेदा ने मतन जंगाउकर के रूप में की है।

इधर अबू ओबेदा ने चेतावनी दी कि दुश्मन उसे जिंदा नहीं पकड़ सकेगा। इजरायल ने इस दावे पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायल का मानना है कि उसके सैन्य अभियान बड़ी सतर्कता से चलाए जा रहे हैं। इजरायली सेना ने 9 जून की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के किए जा रहे एक जलयान को जब्त कर लिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता स्वीडन निवासी ग्रेटा थनवर्ग तथा अन्य जलवायु कार्यकत्ताओं को हिरासत में ले लिया। वास्तव में ये कार्यकर्ता गाजा पट्टी में जारी इजरायल के सैन्य अभियान का विरोध करने वाले थे, क्योंकि मानवीय सहायता के प्रवेश पर इजरायल द्वारा प्रतिबंधों के कारण 20 लाख फिलिस्तानी आबादी वाले क्षेत्र में अकाल की स्थिति पैदा होने का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रेटा थनबर्ग गाजा ले रही सहायता सामग्री वाले 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। वास्तव में 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन गाजा पट्टी क्षेत्र में मानवीय मूल्यों की सुरक्षा हेतु सहायता द्वारा पहुंचाने और इजरायल द्वारा की गई घेरेबंदी तथा युद्ध के दौरान उसके आचरण अथवा व्यवहार का विरोध करने और फिलिस्तानियों तक राहत सामग्री की आपूर्ति करने के लिए ही इस यात्रा का विशेष आयोजन किया गया था। इस संगठन के अनुसार इजरायली नौ सेना ने जलयान को गाजा से लगभग 200 किमी. की दूरी पर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में जब्त कर लिया। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' सहित अन्य अनेक अधिकार समूहों ने इजरायल की इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून व नियमों का उल्लंघन करार दिया। दूसरी ओर, इजरायल ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि इस प्रकार के जलयान गाजा में उसकी नौ सैनिक नाकाबंदी का उल्लंघन करते हैं। इजरायल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस्त्रसल की नौ सेना के साथ गिरफ्त में लेकर अपने आदोह बंदरगाह लाया गया। इजरायल में ग्रेटा और अन्य कार्यकर्त्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले कानूनी अधिकार समूह अदाला के अनुसार ग्रेटा थनबर्ग, दो अन्य कार्यकर्ता और एक पत्रकार भी स्वयं ही इजरायल छोड़ने के लिए सहमत हो गए हैं। इजरायल के विदो मंत्रालय ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की इस यात्रा को 'जनसंपर्क का हथकंडा' बताया। इजरायल नौ सेना के सैनिकों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं को आवश्यक जलपान की व्यवस्था भी की गई। वास्तव में इस संगठन का प्रमुख उद्देश्य विश्व नेताओं पर फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायल के नरसंहार युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव डालना ही है। हमास के कब्जे के जवाब में इजरायल द्वारा गाजा में बाहरी लोगों एवं उनके द्वारा आपूर्ति किए जाने वाली सामग्री के प्रवाह को पूरी सख्ती के साथ प्रतिबंधित कर दिया गया है। एक जानकारी के अनुसार गाजा के लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी बेरोजगार हो गए या उन्हें वेतन नहीं मिला तथा लगभग 80 प्रतिशत निवासी अपना जीवनयापन दयनीय स्थिति में कर रहे हैं।

हमास के कब्जे के बाद से गाजा और इजरायल में फिलिस्तानी सशस्त्र समूहों में टकराव अनवरत जारी है। हमास गाजा में प्रतिद्वंद्वी इस्लामवादी गुटों के साथ भी संघर्ष में आया है, जो सलाफी-जिहादवाद का पालन करते हैं। ब्रिटेन के कब्जे वाले पश्चिमी तट में 'फिलिस्तानी समुदाय' के विरुद्ध बार-बार हिंसा भड़काने के आरोप में दो अति दक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विदेश सचिव द्वारा घोषित उपायों के तहत इतामार बेन-ग्वीर और बेजालेल स्मोत्रिच को ब्रिटेन में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा तथा ब्रिटेन में उनकी संपत्तियां जब्त कर ली जाएंगी। यह संयुक्त कदम ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नार्वे और कनाडा द्वारा उठाया गया है। इसके जवाब में इजरायल ने कहा 'यह अपमानजनक है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकार के सदस्यों पर इस प्रकार के उपाय लागू किए जा रहे हैं।'

यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी नेतान्याहू से गाजा युद्ध समाप्त करने को कहा है, तथा ईरान पर हमला करने को फिलहाल प्रतिबंधित कर दिया है। निःसंदेह गाजा में फिलिस्तीनी इजरायल-हमास युद्ध का दंश झेल रहे हैं। फिलिस्तीनियों पर इजरायली सेना द्वारा अनवरत गोलाबारी जारी रखने के कारण गाजा में गाज गिर चुकी है और मानवता त्राहि-त्राहि चिल्लाने लगी है। सर्वविदित है कि युद्ध से युद्ध का अंत नहीं होता और आधुनिक युग का युद्ध लड़ाई के मैदान तक सीमित नहीं रहता। प्रत्येक युद्ध विगत युद्ध से भयंकर होता है। युद्ध के घातक व विनाशक स्वरूप के कारण आज मानवीय मूल्यों की सुरक्षा हेतु एवं विश्व शांति बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। यह मानव की उत्तरजीविता केलिए अत्यंत गंभीर प्रश्न है।

# आपातकालः लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला

//विष्णुदत्त शर्मा//

**कांग्रेस का लोकतंत्र में विश्वास तब तक है जब तक वह सत्ता में है। जब वह सत्ता से बाहर होती दिखाई देती है, वह संविधान और लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाने से नहीं चूकती। डॉ. राममनोहर लोहिया के ये शब्द 25 जून 1975 को उस समय सत्य सिद्ध हुए, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आज से 50 वर्ष पहले, 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था।**

यह वह समय था जब संविधान को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सत्ता की रक्षा के लिए पूरे देश को एक तानाशाही शासन के अधीन कर दिया गया था। 1970 के दशक की शुरुआत में भारत गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रहा था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असंतोष के कारण सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा था। इंदिरा गांधी की सत्ता को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया और उन्हें छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया।

इस फैसले के बाद देश भर में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग तेज हो गई। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। इन सबके बीच 25 जून 1975 की रात को राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देश में आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने कैबिनेट को विश्वास में नहीं लिया, आधी रात को राष्ट्रपति से चुपचाप आपातकाल लागू करवाया। कांग्रेस की संस्कृति रही है—परिवार पहले, संविधान बाद में।

'इंडिया इज़ इंदिरा' नारा कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रतीक था। एक व्यक्ति, एक परिवार को देश से बड़ा समझना ही कांग्रेस की वैचारिक विकृति है। आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएँ रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। 'इंदिरा इज़ इंडिया और इंडिया इज़ इंदिरा' जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया। आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम परजबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। दिल्ली में तुर्कमान गेट जैसी घटनाओं में, जब लोगों ने इसका विरोध किया, तो गोली चलवा दी गई, जिसमें अनेक लोग मारे गए। इस दौरान हजारों झुग्गियाँ और बस्तियाँ उजाड़ दी गईं, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए।

वर्ष 1985 में लोकसभा में राजीव गांधी ने कहा– आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। यह बयान बताता है कि कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र के लिए कोई सम्मान नहीं, केवल परिवार और सत्ता से प्रेम है। 21 महीनों तक देश को लोकतंत्र से वंचित रखकर कांग्रेस के एक परिवार की सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का कार्य किया। लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ने वालों को जेल में ठूंसा गया। लगभग 1 लाख 40 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया और 22 कस्टोडियल डेथ हुईं। संविधान की आत्मा को कुचला गया। मीसा कानून में संशोधन कर प्राकृतिक न्याय की भावना का उल्लंघन किया गया। कांग्रेस की प्रवृत्ति लोकतंत्र विरोधी रही है—जो विरोध करे, उसे समाप्त कर दो। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लोकप्रिय नेता को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। बाबा साहब अंबेडकर जैसे महापुरुष का कांग्रेस द्वारा निरंतर विरोध और अपमान किया गया। कांग्रेस ने संविधान में अब तक 75 बार संशोधन किए, कई संशोधन सत्ता को मजबूत करने हेतु थे। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया।1973 में वरिष्ठता की परंपरा को तोड़ते हुए जस्टिस अजीतनाथ रे को चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया- न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार था। मीसा कानून के ज़रिए निर्दोष लोगों को कैद किया गया- क्या यही कांग्रेस का न्याय है। शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटकर कांग्रेस ने करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के अधिकार छीन लिए। राजीव गांधी ने वोट बैंक के लिए संविधान के साथ सौदा किया, यही कांग्रेस की असली सोच है। राहुल गांधी संसद में संविधान की प्रति लहराते हैं, लेकिन 2013 में उसी संसद के अध्यादेश को फाड़ कर संविधान की अवमानना करते हैं।

कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन इतिहास गवाह है कि वही कांग्रेस बार-बार संविधान को बेरहमी से कुचलती रही है। कांग्रेस के लिए लोकतंत्र सिर्फ एक दिखावा है – असली सत्ता नेहरू-गांधी परिवार के इर्द-गिर्द ही घूमती है। जहां कांग्रेस ने संविधान के अनुच्छेदों का उपयोग केवल सत्ता में बने रहने के लिए किया, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार हर अनुच्छेद के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाने की जागरूकता अभियान चला रही है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, उसे कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए मोड़ा, तोड़ा और बदला। मोदी सरकार उसी संविधान को आधार बनाकर हर वर्ग के कल्याण और अधिकारों की गारंटी दे रही है– यही असली सम्मान है बाबा साहेब को। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता—ये चार स्तंभ सिर्फ किताबों में नहीं, आज मोदी सरकार में नीति और शासन का आधार बन चुके हैं। कांग्रेस ने इन सिद्धांतों को दिखावे की बातें बनाकर रखा, जबकि मोदी सरकार इन्हें नीति, योजना और क्रियान्वयन के स्तर पर सशक्त कर रही है।


लोकतंत्र सेनानियों का ही संघर्ष है जिसके परिणाम स्वरुप भारत में लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ। आज देश की प्रगति के पीछे लोकतंत्र सेनानियों का बलिदान आधार का पत्थर है। जिसके कारण लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ और 2014 में भाजपा के श्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के रूप में भारत को महान नायक मिला जिनके नेतृत्व में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत व गहरी हुईं, तुष्टीकरण संतुष्टीकरण में बदला, पूरा भारत एक हुआ, आतंकवाद की कमर टूटी, 11 वीं अर्थव्यवस्था से देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना, सीमाएं सुरक्षित हुईं, माताओं बहनों के सम्मान की रक्षा हुई, भ्रष्टाचार, घपले, घोटालों का अंत हुआ, भारत ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया, विकसित भारत-2047 के संकल्प की सिद्धि के लिए रात दिन एक करके सघन प्रयास प्रारंभ कर दिया।

## युद्धाक्रांत समय के साये में पूरी दुनिया

ईरान और इजरायल के बीच सीधे तौर पर युद्ध की शुरुआत हो चुकी है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर बम बरसाए जा रहे हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बदतर हो रहे हैं। चूंकि इजरायल के साथ अमेरिका भी है तो जाहिरैहै, ईरान के लिए मौजूदा वक्त काफी चुनौतीपूर्ण है। ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान को चेतावनी दे रहे थे। पिछले वर्ष तेहरान पर अपने बम वषर्क विमानों से हमला करके इजरायल ने वहां हड़कंप मचा दिया था। ऑपरेशन 'नेशन ऑफ लायंस' के तहत एक बार फिर इजरायल ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स पर बारूद बरसाकर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इस बार तेहरान पर हुए हमले में इजरायल ने ईरान के आर्मी चीफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड क्रॉप्स के कमांडर-इन-चीफ हुसैन सलामी के साथ परमाणु वैज्ञानिक डॉ. फ़रेदून अब्बासी-दावानी और डॉ. तेहरांची के मारे जाने की पुष्टि की है। इजरायल हमेशा सुनियोजित और पूरी तैयारी के साथ हमले करता है, जिसमें मोसाद की अहम भूमिका रहती है, यह उसी का परिणाम है।

ईरान पर किए गए हमले के बाद ईरान की जवाबी करवाई की आशंका के चलते इजरायल में इमरजेंसी घोषित की गई है। ईरान के लिए यह हमला निश्चित रूप से बड़ी क्षति है। और उसने इजरायल पर जवाबी कार्रवाई शुरू भी कर दी है। ईरान के साथ इराक ने भी अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। उधर इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्स ने कहा है कि हम ईरान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जो जुबानी जंग चल रही थी; वह अब बारूदी जंग में बदल गई है। ईरान के इतने महत्त्वपूर्ण लोगों का एक साथ हमले में मारा जाना ईरान के सुरक्षा और खुफिया तंत्र पर सवाल खड़े करता है। इजरायल के लिए निश्चित रूप से यह एक रणनीतिक जीत कही जाएगी।

## तस्वीरों की दुनिया



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।



पीडब्ल्यूडी कर्मचारी नई दिल्ली के सीआर पार्क में 3,400 गड्ढों की मरम्मत अभियान के तहत गड्ढे भरते हुए।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में एक्ज़िम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव 2025 के दौरान विकसित भारत के लिए निर्यातोन्मुख विकास पर संबोधन दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह में शामिल हुए।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर फ्रांसिस एडमसन से मुलाकात की।



उत्तरकाशी में जानकी चट्टी के पास नौ कैंची में भूस्खलन में फंसे शवों को एसडीआरएफ के जवानों ने निकाला।

# ईरान ने फिर से परमाणु कार्यक्रम चलाया तो करेंगे तीव्र हमला इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दे डाली खुली धमकी

**यरूशलम, 25 जून [एजेंसी]।**

इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन के युद्ध के बाद मंगलवार तड़के उसके विराम की घोषणा हो गई। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ युद्ध विराम पर सहमति जताने के बाद मंगलवार को ऐतिहासिक जीत की घोषणा की और जोर देकर कहा कि उनके देश का कट्टर दुश्मन कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएगा।राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की यह टिप्पणी ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन द्वारा यह कहे जाने के बाद आई कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत पर लौटने को तैयार है। हालांकि, पेजेशकियन ने जोर देकर कहा कि ईरान परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए अपने वैध अधिकारों का दावा करना जारी रखेगा।

पेजेशकियन के बयान के बाद नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के हाथ कभी भी परमाणु हथियार नहीं लगने देंगे। हमने ईरान की परमाणु परियोजना को विफल कर दिया है। और अगर ईरान में कोई भी इसे फिर से बनाने की कोशिश करता है, तो हम किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उसी दृढ़ संकल्प और उसी तीव्रता के साथ काम करेंगे।इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष पर विराम लगाने में कतर की अहम भूमिका सामने आ रही है। इस खाड़ी देश ने ईरान को संघर्ष विराम के लिए मनाया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की।ट्रंप ने पहले इजरायल को संघर्ष विराम के लिए राजी किया और फिर कतर के अमीर को ईरान को मनाने के लिए कहा। समाचार एजेंसी के अनुसार, कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने संघर्ष विराम के लिए ईरान को राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।ट्रंप ने कतर के अमीर को फोन कर यह सूचना दी कि इजरायल ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और दोहा से तेहरान को मनाने में मदद करने का अनुरोध किया। इसके बाद कतर के प्रधानमंत्री ने ईरानी अधिकारियों से बातचीत की।कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम क्षेत्रीय टकराव का समाधान निकालने के उद्देश्य से वार्ता और कूटनीति की दिशा में एक सार्थक कदम है।



जबकि कतर के प्रधानमंत्री ने मंगलवार को कहा कि उनके देश में अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल हमले से ईरान के साथ संबंधों में तनाव आ गया, लेकिन उम्मीद है कि दोनों देशों के आपसी संबंध सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि संघर्ष विराम जारी रहेगा और हम अमेरिका और ईरान दोनों से आग्रह करते हैं कि वे बातचीत की टेबल पर लौट आएं। उन्होंने यह भी बताया कि ईरानी राष्ट्रपति ने कतर के शासक अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ फोन पर बातचीत में खेद व्यक्त किया कि अमेरिका के हवाई हमले के जवाब में तेहरान ने कतर में एक सैन्य बेस को निशाना बनाया। ईरान ने सोमवार को कतर में अल उदैद एयरबेस पर मिसाइलों से हमला किया था। हालांकि तेहरान की तरफ से हमले की पहले ही सूचना दिए जाने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

# जमानत के बावजूद आरोपित को रिहा नहीं करना न्याय का मजाक

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के जेल महानिदेशक को किया तलब

**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह न्याय का मजाक है कि जिस आरोपित को अप्रैल में उत्तर प्रदेश के मतांतरण रोधी कानून से जुड़े मामले में जमानत दी गई थी, उसे अभी तक जेल से रिहा नहीं किया गया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक और गाजियाबाद के जेल अधीक्षक को तलब किया है।जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने तब नाराजगी जताई, जब आरोपित ने दावा किया कि उसे जमानत पर रिहा नहीं किया गया, क्योंकि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश मतांतरण रोधी कानून, 2021 की एक उप-धारा का जिक्र नहीं था।इस पर पीठ ने गाजियाबाद जिला जेल के अधीक्षक जेलर को 25 जून को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य को दर्शाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।पीठ ने इस बात पर गौर किया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 29 अप्रैल को आरोपित को जमानत दी थी। गाजियाबाद के ट्रायल कोर्ट ने 27 मई को अधीक्षक जेलर को आरोपित को रिहा करने का आदेश दिया था, जिसमें यह कहा गया था कि अगर किसी और मामले में हिरासत की जरूरत नहीं है तो उसे मुचलके पर रिहा किया जाए।

पीठ ने कहा, इस आदेश के बाद याचिकाकर्ता ने कहा है कि उसे रिहा नहीं किया गया है, क्योंकि (इलाहाबाद) हाई कोर्ट और इस न्यायालय के आदेश में उत्तर प्रदेश मतांतरण रोधी अधिनियम, 2021 की धारा पांच के खंड (एक) को छोड़ दिया गया था और इसी कारण से याचिकाकर्ता को रिहा नहीं किया गया। उस व्यक्ति के खिलाफ तीन जनवरी, 2024 को आईपीसी की धारा 366 (महिला को जबरन शादी के लिए अगवा करना) और मतांतरण रोकथाम कानून की धार तीन और पांच (झूठ, दबाव, धोखा या लालच से धर्म बदलवाने पर रोक) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को होगी।

# अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना बोले- वो आपातकाल नहीं कांग्रेस का अन्यायकाल था

**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल के खिलाफ जारी संघर्ष ने ही लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखा है। मोदी जी ने संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय इसलिए लिया, ताकि देश की चिर स्मृति में यह बना रहे कि जब कोई सरकार तानाशाह बनती है, तो देश को कैसे भयानक दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाया जानेवाला दिन, 25 जून सभी को याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए कितनी दूर जा सकती है। वह आपातकाल नहीं बल्कि कांग्रेस का अन्यायकाल था। केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भले ही 1975 के आपातकाल को 50 वर्ष हो गए हों, लेकिन कांग्रेस के अत्याचार, तानाशाही और अन्याय की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। द्रमुक, समाजवादी नेताओं और अन्य पर निशाना साधा, जो कांग्रेस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग उस पार्टी के साथ बैठे हैं जिसने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। आपातकाल के बाद देशभर में विपक्षी नेता, छात्र कार्यकर्ता, पत्रकार और संपादकों समेत 1.1 लाख लोग गिरफ्तार किए गए थे। इसके बाद गुजरात और तमिलनाडु में गैर-कांग्रेस सरकारों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बर्खास्त कर दिया था।अमित शाह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संविधान की कसम खाने वाले नेताओं को संविधान के बारे में बात करने का क्या अधिकार है।



वह इन नेताओं को याद दिलाना चाहते हैं कि इन्हीं की पार्टी ने आपातकाल लगाने से पहले क्या संसद से मंजूरी ली थी। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश, आपातकाल का सामना करने वाले कई लोग अब कांग्रेस पार्टी के साथ हैं। मैं इन पार्टियों द्रमुक, समाजवादी (समाजवादियों) और अन्य से पूछना चाहता हूं, कि जब आप उस पार्टी के साथ हैं जिसने देश में लोकतंत्र की हत्या की, तो आपको लोकतंत्र के बारे में सवाल पूछने का क्या अधिकार है। शाह ने कहा कि भारत तानाशाही को स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि यह देश लोकतंत्र का जन्मस्थान है। तानाशाह के चारों ओर एक छोटे से समूह को छोड़कर किसी को भी आपातकाल पसंद नहीं आया। यही कारण है कि जब आपातकाल हटा, तो भारत के लोगों ने देश की पहली गैर-कांग्रेस सरकार का चुनाव किया। गृह मंत्री ने कहा कि जब आपातकाल लगाया गया, तब वह 11 वर्ष के थे और उनके गांव से 184 लोग गिरफ्तार कर साबरमती जेल में डाले गए थे।

## असम में सुरक्षा बलों के शिविर में ग्रेनेड से हमला तीन पुलिसकर्मी घायल, तलाशी अभियान शुरू

**गुवाहाटी।** असम के गोलाघाट जिले में मंगलवार रात सुरक्षा बलों के शिविर में ग्रेनेड विस्फोट हुआ, जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि ग्रेनेड बाइक सवार कुछ लोगों ने शिविर में फेंका होगा।यह विस्फोट गोलाघाट जिले के बोकाखाट के सपजुरी पनबाड़ी स्थित शिविर में हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में असम पुलिस के तीन कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी पहचान सिद्धार्थ बोरबोरा, सुशील भूमिज और मिंटू हजारिका के रूप में हुई है।तीनों घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोकाखाट में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना के पीछे आतंकवादियों का हाथ हो सकता है और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

## पश्चिम एशिया में तनाव हुआ कम, एअर इंडिया ने दिल्ली-मस्कट उड़ानें फिर से कीं शुरू



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार को पश्चिम एशिया के लिए अपनी विमान सेवाएं फिर से शुरू कीं। इसमें दुबई और मस्कट के लिए फ्लाइटें शामिल हैं। यह फैसला तब लिया गया जब इस क्षेत्र के देशों ने अपने हवाई मार्गों को फिर से खोलना शुरू किया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण, विशेषकर ईरान द्वारा कतर में अमेरिकी हवाई अड्डे पर मिसाइलें दागने के बाद कई देशों ने अपने हवाई क्षेत्रों को बंद कर दिया था। इससे भारतीय एयरलाइनों को भी कुछ उड़ानें रद करनी पड़ीं तो कुछ के मार्गों में फेरबदल किया गया। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइनों ने अब दुबई और मस्कट के लिए उड़ानें फिर से शुरू की हैं। एअर इंडिया ने बताया कि वह दिल्ली-दुबई उड़ान का संचालन कर रही है जबकि एअर इंडिया एक्सप्रेस दिल्ली-मस्कट सेवा का संचालन कर रही है। एअर इंडिया ने कहा कि पश्चिम एशिया के लिए उसकी अधिकांश उड़ाने 25 जून यानी बुधवार से फिर शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा, यूरोप के लिए रद की गई उड़ानें भी आज से पुनः शुरू की जा रही हैं। अमेरिका और कनाडा के लिए सेवाएं भी जल्द से जल्द फिर से शुरू होंगी। एयरलाइन ने कहा कि कुछ उड़ानों में देरी या रद्दीकरण हो सकता है, लेकिन हम बाधाओं को कम करने और अपने शेड्यूल की बहाली के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में मानसून का इंतजार खत्म

# हरियाणा, पंजाब समेत इन राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट



**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**

दक्षिण भारत के बाद अब उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव आते दिख रहा है। उत्तर के पहाड़ों में एक नए पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल एवं उत्तराखंड में भारी बारिश की आशंका है। दिल्ली में मौसम का तेवर बदलने वाला है। एनसीआर को तीन तरफ से मानसून ने घेर रखा है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी गुजरात एवं राजस्थान के बड़े हिस्सों में भारी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली में कभी भी मानसूनी वर्षा शुरू हो सकती है। केरल में एक महीने पहले 24 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। उसके बाद लगभग 12 दिनों का ब्रेक लेकर फिर तेजी से आगे बढ़ा है।

आईएमडी के पूर्वानुमान में कहा गया है कि दक्षिण भारत के राज्यों से आगे बढ़ते हुए मानसून अब तेजी से उत्तर-पश्चिम के राज्यों में सक्रिय हो गया है। एनसीआर में मानसून का इंतजार अब खत्म होने वाला है। पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली में भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है, जो अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। मंगलवार की देर रात से ही एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल सकता है। बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इसके असर से तापमान में तेजी से गिरावट आ सकती है। उधर उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में गुरुवार से मानसून की सक्रियता बढ़ सकती है। इस दौरान बिहार, झारखंड एवं बंगाल में भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

# क्या होता है यूरेनियम, जिससे पूरी दुनिया में मच सकता है मौत का तांडव

## खामेनेई ने हमले से पहले अमेरिका को भी दे दिया था चकमा



**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि पिछले सप्ताह तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर छह बंकर बस्टर गिराए जाने के बाद लापता हुआ यूरेनियम का 400 किलोग्राम भंडार 10 परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त है। अमेरिकी प्रसारक एबीसी न्यूज से बातचीत में उन्होंने यह बात कही।लापता यूरेनियम ईरान के लिए सौदेबाजी का शक्तिशाली माध्यम बन सकता है, जब भी वह अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने का विकल्प चुनेगा। यह यूरेनियम 60 प्रतिशत तक संवर्धित है और परमाणु हथियार बनाने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक संवर्धित करने की जरूरत है। इजरायली अधिकारियों ने भी न्यूयार्क टाइम्स से यह दावा दोहराया कि ईरान ने हमले से कुछ दिन पहले इस भंडार के साथ-साथ कुछ उपकरणों को गुप्त स्थान पर स्थानांतरित कर दिया है।

अमेरिकी हमले से पहले की सेटेलाइट तस्वीरों में फोर्डो परमाणु संयंत्र के बाहर 16 ट्रकों की कतार दिखाई दी थी। अमेरिका ने फोर्डो, नातांज और इस्फहान परमाणु संयंत्रों पर बमबारी की थी। इसमें तीनों संयंत्रों को काफी नुकसान हुआ, लेकिन संयंत्र के बाहर से ट्रक गायब थे। यह स्पष्ट नहीं है कि उन ट्रकों में क्या ले जाया गया और कहां ले जाया गया। लेकिन अमेरिका और इजरायल को दृढ़ विश्वास है कि इसे प्राचीन राजधानी इस्फहान के पास एक अन्य भूमिगत भंडारण केंद्र में ले जाया गया था।वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रासी के अनुसार, ईरान पर पहले इजरायली हमले से हफ्तेभर पहले इसका अंतिम बार निरीक्षण किया गया था। पिछले सप्ताह ग्रासी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि यह आवश्यक है कि आइएईए यथाशीघ्र निरीक्षण फिर से शुरू करे। उन्होंने दुनिया को यह चेतावनी भी दी कि निरंतर सैन्य तनाव से इस अपरिहार्य कार्य में देरी होगी और ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं को कम करेगा। ईरान ने लंबे समय से जोर दिया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। लेकिन यह दावा किया गया कि वह परमाणु हथियार बना रहा है। इजरायल ने हमले से पहले यहां तक कहा था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया में वापस नहीं लौटने के बिंदु पर पहुंच रहा है। अब इजरायली हमलों के बाद ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि से हटने की धमकी दी है। साथ ही ईरान के उप विदेश मंत्री तख्त रवांची ने इस दावे को खारिज कर दिया है कि ईरान परमाणु कार्यक्रम को छोड़ देगा। उन्होंने कहा, कोई भी हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए। अमेरिका का इस संबंध में बयान थोड़ा भ्रमित करने वाला रहा है। सीएनएन की पिछले सप्ताह की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के मिसाइल हमलों के पहले दौर के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा है और उसे इसे बनाने में कम से कम तीन वर्ष लगेंगे। खुफिया एजेंसियों का यह भी कहना था कि इजरायली हमलों ने ईरान को केवल कुछ महीनों के लिए पीछे धकेला है, क्योंकि अनुसंधान का बड़ा हिस्सा फोर्डो जैसे केंद्रों में जमीन के काफी अंदर था, जिन्हें इजरायली मिसाइलें नुकसान नहीं पहुंचा सकतीं।एक वरिष्ठ अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि ईरान के पास सभी आवश्यक सामग्री है। अमेरिका की नेशनल इंटेलीजेंस की निदेशक तुलसी गबार्ड के अपने बयान से पीछे हटने से भी अधिक भ्रम पैदा हो गया। कुछ महीनों पहले उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को बताया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। लेकिन शनिवार को उन्होंने कहा कि ईरान उन्हें कुछ हफ्तों के भीतर बना सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उनकी पिछली जानकारी को गलत बताए जाने के बाद उन्होंने अपने बयान में यह बदलाव किया।

# घिसे हुए टायरों के साथ फ्लाइट को उड़ाने की थी तैयारी... विमान कंपनियों की लापरवाही ने डीजीसीए की बढ़ाई चिंता




**नईदिल्ली, 25 जून [एजेंसी]।**

क्या देश का उड्डयन सेक्टर राम भरोसे चल रहा है। एविएशन सेक्टर की नियामक एजेंसी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले दिनों एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 के हादसे के बाद जब मुंबई, दिल्ली समेत कुछ प्रमुख हवाई अड्डों का समग्र तौर पर निरीक्षण किया और उसमें जो बातें सामने आई हैं उससे तो ऐसा ही लगता है।24 जून, 2025 को डीजीसीए ने बताया है कि यात्री विमानों में बार-बार एक ही तरह की खराबी आई है लेकिन उसे नजरअंदाज किया जाता है, विमानों के रख-रखाव को लेकर सरकारी नियमों की अनदेखी की जाती है, एयरक्राफ्ट में खराबी की रिपोर्ट को लॉगबुक में दर्ज नहीं कराया जाता, इमरजेंसी में इस्तेमाल होने वाले जीवन रक्षक पेटिका वहां नहीं होते जहां होने चाहिए आदि-आदि। एयरपोर्ट के आस पास काफी निर्माण हो रहे हैं लेकिन उनका कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया जो नियमों के मुताबिक एक निश्चित अंतराल पर होनी चाहिए। यह विमानों की सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इस तरह की दर्जनों खामियों का खुलासा डीजीसीए ने किया है जो ना सिर्फ भारत के नागरिक उड्डयन सेक्टर की कंपनियों की कलई खोल दी है बल्कि समूचे सेक्टर की निगरानी की मौजूदा व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहा है। अगर डीजीसीए ने अहमदाबाद-लंदन उड़ान हादसे के बाद यह निरीक्षण नहीं किया होता तो सब कुछ ऐसे ही चल रहा होता। वैसे यह भी अजीब बात है कि डीजीसीए ने उन विमान कंपनियों या हवाई अड्डे के संचालन का प्रबंधन करने वाली कंपनियों के नाम नहीं बताये हैं। साफ तौर पर यह भी नहीं बताया गया है कि किस हवाई अड्डे पर किस तरह की खामिया पाई गई हैं। इससे डीजीसीए की गंभीरता पर भी सवाल उठता है। डीजीसीए ने कहा है कि, उड़ान संचालन, एयरवर्दीनेस (उड़ान भरने लायक विमान है या नहीं), रैम्प सेफ्टी (हवाई अड्डा का वह क्षेत्र जहां विमान पार्क होता है), एयर ट्रैफिक कंट्रोल, कम्यूनिकेशन, नेवीगेशन व सर्विलांस सिस्टम और उड़ाने से पहले की चिकित्सा मूल्यांकन की समीक्षा की गई है। इसमें यह पता चला है कि विमानों में खामियों को दूर करने को लेकर प्रभावहीन निगरानी और उनमें सुधार करने की अपर्याप्त कदम उठाये जाते हैं। किसी एयरपोर्ट पर यह पाया गया है कि रनवे पर एक सीधी लाइन जो होती है वह फींकी पड़ गई है। इसी तरह से किसी एयरलाइन की उड़ानें इसलिए रद्द की गई कि उसके पहिये के टायर फटे हुए थे।

विमानों के रखरखाव को लेकर कई तरह की खामियों का भी पता चला है। इसमें मुख्य तौर पर यह बात सामने आई है कि इस बारे में डीजीसीए के जो नियम हैं उसके हिसाब से सुरक्षा से जुड़े मानकों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसमें किसी एयरलाइन के बारे में बताया गया है कि उसने जो सिमुलेटर उपलब्ध कराया है वह कंपनी के विमान से मैच नहीं करता। जबकि इसका सॉफ्टवेयर भी अपडेटेड नहीं है।डीजीसीए ने कहा है कि जो भी खामियां मिली हैं, उससे संबंधित कंपनियों को अवगत करा दिया गया है। कंपनियों को कहा गया है कि इन खामियों को सात दिनों के भीतर दूर किया जाए। इस तरह की निगरानी आगे भी जारी रखी जाएगी।

## गुजरात के विसावदर सीट पर आप की जीत से भाजपा सदमे में, दलबदलुओं ने नहीं दिया साथ



**अहमदाबाद।** गुजरात में सौराष्ट्र की विसावदर सीट पर हुए उप चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी गोपाल ईटालिया की जीत से भाजपा सकते में है। इस हार ने भाजपा की उत्तर गुजरात की कठिन सीट पर हुई शानदार जीत का भी जायका बिगाड़ दिया। मोटे तौर पर देखा जाए तो भाजपा की अंदरूनी खींचतान के कारण यह सीट निकल गई। सबसे अहम बात यह रही कि कांग्रेस व आप से भाजपा में आए नेताओं ने भाजपा का साथ नहीं दिया। गुजरात में सौराष्ट्र की अपनी एक अलग राजनीति चलती है। पूर्व सांसद दिवंगत विट्ठलभाई रादडिया के रहते राजकोट में भाजपा अपने पैर नहीं जमा पाई थी। कांग्रेस में नेता विपक्ष का पद न मिलने से नाराज रादडिया भाजपा में शामिल हो गए तथा उनके पुत्र जयेश रादडिया राज्य सरकार में मंत्री भी बन गए थे। हालांकि जयेश अब मंत्री नहीं हैं, लेकिन बतौर विधायक उनका इस क्षेत्र में पूरा दबदबा है। भाजपा ने विसावदर सीट पर जीत दिलाने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी थी लेकिन कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए पूर्व मंत्री जवाहर चावड़ा, पूर्व विधायक हर्षद रिबडिया तथा आप विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए भूपत भायाणी ने जयेश खेमे को कमजोर करने के लिए आखिरी समय पर आप प्रत्याशी गोपाल ईटालिया का समर्थन कर दिया।भाजपा की ही पूर्व मंत्री जसुमति कोराट भी नहीं चाहती थी कि उसके क्षेत्र में जयेश का दखल हो। ऐसे में विसावदर सीट भाजपा के हाथ से फिसल गई। सरकार के प्रवक्ता एवं कानून मंत्री ऋषीकेश पटेल ने कहा है कि हार के कारणों की समीक्षा होगी। इस सीट पर प्रत्याशी चयन के साथ अन्य जो भी कमियां रहीं उन पर विचार विमर्श किया जाएगा।पूर्व विधायक भूपत भायाणी ने आप की जीत का श्रेय जवाहर चावड़ा को देते हुए कहा कि उनके समर्थक भाजपा का साथ छोड़कर आप के पक्ष में आ गए। इसलिए, यह सीट भाजपा हार गई।

# पालतू जानवर के रूप में रख सकते हैं ये 5 प्रकार की गोल्डफिश

गोल्डफिश एक प्यारा पालतू जानवर हो सकती हैं, जिसे अक्सर एक्वेरियम में रखा जाता है। यह मछली अपने सुनहरे रंग और सुंदरता के लिए जानी जाती है। गोल्डफिश की कई तरह की प्रजातियां होती हैं, जिनमें से कुछ सामान्य गोल्डफिश, कॉमेट गोल्डफिश, फैंटेल गोल्डफिश, ब्लैक मूर गोल्डफिश और टेलीस्कोप गोल्डफिश शामिल हैं। इन सभी प्रजातियों की अपनी खासियत और देखभाल की जरूरतें होती हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर इन्हें पालतू जानवर के रूप में अपनाया जा सकता है।





सामान्य गोल्डफिश

सामान्य गोल्डफिश सबसे आम प्रजाति है, जिसे आसानी से किसी भी पालतू जानवर की दुकान पर खरीदा जा सकता है। ये मछलियां आमतौर पर सुनहरे रंग की होती हैं, लेकिन कुछ प्रजातियों में सफेद या काले रंग भी होते हैं। इनकी देखभाल करना आसान होता है और ये जल्दी बढ़ती हैं। सामान्य गोल्डफिश को किसी भी आकार के मछलीघर में रखा जा सकता है, लेकिन इन्हें साफ पानी और पर्याप्त जगह की जरूरत होती है।

कॉमेट गोल्डफिश

कॉमेट गोल्डफिश सामान्य गोल्डफिश की तरह ही होती हैं, लेकिन इनकी पूंछ लंबी होती है, जिससे ये और भी आकर्षक लगती हैं। इनकी देखभाल भी सामान्य गोल्डफिश जितनी ही आसान होती है। कॉमेट गोल्डफिश को भी किसी भी आकार के मछलीघर में रखा जा सकता है, लेकिन इन्हें साफ पानी और पर्याप्त जगह की जरूरत होती है। इनकी खासियत यह है कि ये पानी की हलचल को सहन कर सकती हैं।

फैनटेल गोल्डफिश

फैनटेल गोल्डफिश अपनी गोल आकार की पूंछ के लिए जानी जाती है, जो इन्हें बहुत खास बनाती है। इनकी देखभाल करते समय ध्यान रखना जरूरी है कि इनका पानी साफ और ताजा हो ताकि ये स्वस्थ रह सकें। फैनटेल गोल्डफिश को किसी भी आकार के मछलीघर में रखा जा सकता है, लेकिन इन्हें साफ पानी और पर्याप्त जगह की जरूरत होती है। इनकी खासियत यह है कि ये पानी की हलचल को सहन कर सकती हैं।

ब्लैक मूर गोल्डफिश





ब्लैक मूर गोल्डफिश अपनी काली त्वचा और बड़ी-बड़ी आंखों के लिए जानी जाती है। ये अन्य प्रजातियों की तुलना में थोड़ी संवेदनशील होती हैं, इसलिए इनकी देखभाल करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। ब्लैक मूर गोल्डफिश को किसी भी आकार के मछलीघर में रखा जा सकता है, लेकिन इन्हें साफ पानी और पर्याप्त जगह की जरूरत होती है। इनकी खासियत यह है कि ये पानी की हलचल को सहन कर सकती हैं।

टेलीस्कोप गोल्डफिश

टेलीस्कोप गोल्डफिश अपनी बड़ी-बड़ी आंखों के लिए जानी जाती है जो इन्हें बहुत खास बनाती है। इनकी देखभाल करते समय ध्यान रखना जरूरी है कि इनका पानी साफ और ताजा हो ताकि ये स्वस्थ रह सकें। टेलीस्कोप गोल्डफिश को किसी भी आकार के एक्वेरियम में रखा जा सकता है, लेकिन इन्हें साफ पानी और पर्याप्त जगह की जरूरत होती है।



## मीना कुमारी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी, निर्माताओं ने किया संपर्क

पिछले काफी समय से बॉलीवुड की ट्रैजडी क्वीन मीना कुमारी की जिंदगी को बड़े पर्दे पर लाने की चर्चा हो रही है, जिसके लिए मुख्य अभिनेत्री से जुड़ी नई-नई खबरें सामने आती रहती हैं। पहले मीना की भूमिका के लिए कृति सैनन से सपंर्क किया गया था। चर्चा थी कि वह फिल्म के लिए हामी भी भर चुकी हैं। अब ताजा खबर यह है कि मीना की बायोपिक के लिए अभिनेत्री कियारा आडवाणी से संपर्क किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मीना की बायोपिक की हीरोइन कियारा होंगी। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया है। निर्माताओं ने कियारा को फिल्म की स्क्रिप्ट सुना दी है। कहा जा रहा है कि अभिनेत्री को फिल्म की कहानी भी पसंद आ गई है। निर्माताओं का मानना है कि मीना की भूमिका के लिए कियारा सही विकल्प हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान फिल्म महाराज के निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने संभाली है। काम के मोर्चे पर बात करें तो किराया जल्द ही फिल्म वॉर 2 में नजर आएंगी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा कियारा के पास फिल्म टॉक्सिक भी है, जिसके हीरो सुपरस्टार यश हैं। बता दें कियारा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। वे जल्द ही मां बनने वाली हैं।

# खाने का स्वाद बढ़ाने के अलावा इन कामों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है नमक

आमतौर पर नमक का उपयोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह कई अन्य कामों के लिए भी उपयोगी हो सकता है। नमक का उपयोग करके आप अपने घर को साफ-सुथरा रख सकते हैं, कपड़ों की खुशबू बढ़ा सकते हैं और यहां तक कि अपने स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। आइए नमक से जुड़े कुछ बेहतरीन तरीके जानते हैं।

पैन और बर्तन साफ करने के लिए करें इस्तेमाल

पैन और बर्तन साफ करने के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए पानी में नमक डालकर उबालें, फिर इस मिश्रण को अपने पैन या बर्तन में डालकर कुछ देर छोड़ दें। इससे चिपकी हुई चिकनाई और जमी हुई गंदगी आसानी से निकल जाएगी। यह तरीका खासतौर पर लोहे के बर्तनों के लिए बहुत असरदार होता है क्योंकि यह उन्हें फिर से नया जैसा बना देता है।

भूरे होने से बचाएं आलू और अन्य सब्जियां

आलू और अन्य सब्जियां भूरे होने से बचाने के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए आलू काटने के बाद उन पर थोड़ा नमक लगाकर रख दें, इससे वे जल्दी भूरे नहीं होंगे। इसी तरह हरी सब्जियों को काटने के बाद उन पर थोड़ा नमक छिड़क दें और फिर उन्हें फ्रिज में रखें। इससे सब्जियां ताजा बनी रहेंगी और उनका रंग भी नहीं बदलेगा।

दांतों की सफाई के लिए भी किया जा सकता है इस्तेमाल

दांतों की सफाई के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में थोड़ा नमक मिलाकर घोल तैयार करें, फिर इस घोल से अपने मुंह को धोएं। इससे आपके दांत साफ हो जाएंगे और मुंह की बदबू भी दूर हो जाएगी। यह तरीका खासतौर पर सुबह-सुबह करने से ज्यादा असरदार होता है क्योंकि इससे आपके दांतों को ताजगी मिलती है।

कपड़ों की महक बढ़ाएं

कपड़ों की महक बढ़ाने के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए अपने वॉशिंग मशीन में कपड़े धोते समय उसमें थोड़ा नमक डालें, इससे कपड़ों की महक ताजगी भरी रहेगी और वे ज्यादा साफ-सुथरे भी दिखेंगे। इस तरह आप आसानी से अपने रोजमर्रा के कामों में नमक का उपयोग करके कई काम कर सकते हैं और अपने जीवन को थोड़ा और आसान बना सकते हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर हाउसफुल 5 की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, कारोबार 180 करोड़ रुपये की ओर

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म हाउसफुल 5 को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है। खास बात यह है कि तीसरे सप्ताह में भी यह करोड़ों में कमा रही है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई 180 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है। आइए जानें हाउसफुल 5 ने 17वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, हाउसफुल 5 ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 3.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ अब तक इस फिल्म ने 175.95 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस फिल्म का बजट लगभग 225 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में अभी फिल्म को अपनी लागत निकालने में अभी काफी वक्त लगेगा। तरुण मनसुखानी ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। हाउसफुल 5 में नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। नरगिस फाखरी, सौंदर्या शर्मा, श्रेयस तलपड़े, जॉनी लीवर, फरदीन खान, चंकी पांडे और डिनो मोरिया ने भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इस फिल्म की कहानी एक क्रूज शिप पर हुई हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है। सिनेमाघरों के बाद हाउसफुल 5 का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



## ग्रीन स्विमसूट में एली अवराम ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान, लेटेस्ट फोटो देख फैंस बोले 'हॉटनेस ओवरलोड'



बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम ने एक बार फिर अपने सिज़लिंग अवतार से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी एक हॉट तस्वीर शेयर की है जिसमें वह बीच किनारे रेत पर लेटी नजर आ रही हैं.

उन्होंने नियॉन ग्रीन कलर का स्विमसूट पहना हुआ है और यह फोटो बेहद ग्लैमरस लग रही है. एली ने इस पोस्ट के साथ लिखा, रविवार का मूड... बिस्तर पर लेकिन मानसिक रूप से समुद्र तट पर, जिससे उनका रिलैक्स और बीची वाइब्स वाला मूड साफ जाहिर होता है. तस्वीर में वह आंखें बंद किए हुए, बेहद सहज और स्टनिंग नजर आ रही हैं. उनका यह फोटो पोस्ट होते ही वायरल हो गया और अब तक इसे 17,000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. उनकी इस फोटो पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स ने भी तारीफों की बारिश कर दी है. किसी ने उन्हें ?? बताया तो किसी ने मेरा सुंदर कहकर अपना प्यार जताया.

इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट अब ट्रेंड कर रही है और हर कोई एली की इस अदा का दीवाना हो गया है. एली अवराम हमेशा ही अपने बोल्ड और एफर्टलेस फैशन स्टेटमेंट से चर्चा में रहती हैं. चाहे रेड कारपेट हो या बीच वकेशन, एक्ट्रेस का हर लुक फैशन गोल्स सेट करता है. उनका ये बीच लुक इस बात का सबूत है कि वह ग्लैमर और ग्रेस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन हैं. फिलहाल, एली के इस हॉट अवतार को देखकर फैंस उनकी अगली फिल्म या प्रोजेक्ट की झलक देखने के लिए बेसब्र हो गए हैं.

## शब्द सामर्थ्य -089

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए संविधान की हत्या की :देवांगन

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भाजपा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर विश्राम गृह बैकुण्ठपुर में प्रेसवार्ता कर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा देश में आपातकाल घोषित किए पर विस्तार से विषय रखा। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया, यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया निर्णय था। कांग्रेस पार्टी ने इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि, जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, आज भी सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है।



उन्होंने कहा कि, इंदिरा गांधी ने मीसा जैसे काले कानूनों के जरिए एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमें के जेलों में ठूस दिया, जिनमें श्री जयप्रकाश नारायण, श्री अटलबिहारी वाजपेयी, श्री लालकृष्ण आडवानी, श्री मुरली मनोहर जोशी और श्री राजनाथ सिंह सहित तमाम वरिष्ठ विपक्षी नेता, पत्रकार शामिल थे ही, लेकिन कांग्रेस शासन ने छात्रों तक को जेल में सड़ने पर मजबूर कर दिया था। इंदिरा गांधी की यही तानाशाही मानसिकता आज के कांग्रेस नेतृत्व में दिखाई देती है, आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में पत्रकारों पर मुकदमें होते है, सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तारी हो जाति है और एक्टिविस्टों पर पुलिस कार्यवाही होती है। प्रसेवार्ता में प्रमुख रूप से वाणिज्यकर, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष्ज्ञ शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, बसंत राय, अशोक जायसवाल, चुन्नी पैकरा, रविशंकर राजवाड़े, अनिल साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, सुनिता कर्रे, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, कृष्णावती यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला पंचातय अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, सह प्रभारी गणेश यादव, वर्षा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, सुरेश सिरदार, दीपा विश्वकर्मा, मुन्नाराम चक्रधारी, रीता यादव, रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, संजय चिकनजूरी, , सुभाष साहू, राकेश पैकरा, रामलखन यादव, सच्चिदानंद द्विवेदी, दिनेश यादव, राजाराम राजवाड़े, मनोज साहू, धर्मवती राजवाड़े, संगीता गुप्ता, रमेश तिवारी, हितेश सिंह सहित पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।



## जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही: अवैध परिवहन करते तीन वाहन जप्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर खनिज विभाग ने अवैध खनिज (रेत, गिट्टी) परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए तीन वाहनों को जप्त किया है। यह कार्रवाई तहसील पटना क्षेत्र में की गई, जिसमें अवैध रूप से गौण खनिज का परिवहन करते पाए गए वाहनों को मौके पर ही जब्त कर समीपस्थ पटना थाने में अभिरक्षा में रखा गया है।जप्त वाहनों की जानकारी, पकड़े गए वाहनों में बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर (मालिक राकेश कुशवाहा), सोल्ड महिंद्रा ट्रैक्टर (मालिक अजय रजक), और सोल्ड एसीई ट्रैक्टर (मालिक संतोष सारथी) शामिल हैं। इन सभी वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 और खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर कोरिया के निर्देशन में अवैध खनिज खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर अभियान जारी है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से निगरानी रखी जाएगी और नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई की जाएगी ताकि अवैध खनिज खनन और परिवहन को रोकना सुनिश्चित किया जा सके।

## सुरक्षित मातृत्व अभियान किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार मातृत्व मृत्यु में कमी लाने एवं उपचार, परामर्श हेतु जिला चिकित्सालय सूरजपुर में 09 एवं 24 जून को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। जिसके तहत डॉ0 प्रतिमा भगत, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समस्त टीम के द्वारा आज 61 गर्भवती माताओं का पंजीयन किया गया। गर्भवती माताओं का सभी आवष्यक जांच, सोनोग्राफी एवं औषधि प्रदान की गई। साथ ही गर्भवती माताओं को खान-पान, आराम एवं आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन पाउडर की दवाइयों के फायदे भी काउंसलिंग के दौरान बताये गये तथा सुरक्षित संबंध बनाना।

## जनभागीदारी से स्वच्छता के उच्च मानक निर्धारित कर सकती हैं ग्राम पंचायतें

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत के ग्राम पंचायतों में जल्द ही स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा एक निजी एजेंसी को सर्वेक्षण कार्य सौंपा गया है। स्वच्छ भारत मिशत अंतर्गत प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण कराए जाने के प्रावधान हैं। यह ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के स्तर को प्रोत्साहित करने और इसमें जनभागीदारी बढ़ाए जाने के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्त एजेंसी द्वारा आज से लेकर अगस्त माह तक में किसी भी समय किसी भी ग्राम पंचायत में पहुंचकर यह सर्वेक्षण किया जाएगा। जिले के किसी भी ग्राम पंचायत में सर्वेक्षण टीम द्वारा यह औचक निरीक्षण की तरह पहुंचकर किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के द्वारा एजेंसी द्वारा चार बिंदुओं के आधार पर ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के मानक स्तर तय किए जाएगे। एजेंसी द्वारा निर्धारित पैरामीटर के आधार पर जिले की स्वच्छता रैंकिंग तय की जाएगी।

ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत होने वाले औचक सर्वेक्षण में जिले को उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए जनभागीदारी को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बतलाते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने क्लीन कोरिया ग्रीन कोरिया का नारा दिया है। इसके शत प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले को अच्छा स्थान दिलाने के लिए उन्होंने कई बिंदुओं पर अपने सुझाव साझा करते हुए कहा कि कोरिया जिले के हर ग्राम पंचायत में रहने वाले प्रत्येक रहवासी अपने शौचालय का उपयोग करें और उसकी नियमित साफ-सफाई पर ध्यान दें। सभी घरों से निकलने वाले दूषित जल को सोख्ता गढ़ढों में या फिर किचन गार्डन में उपयोग करें। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर घरो में निकलने वाले हरे कचरे से जैविक खाद बनाकर खेतों और बाड़ी में उपयोग करे। अपने आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और साथ ही कंही भी कचरा ना फेंकें। डॉ आशुतोष ने कहा कि ग्राम स्तर पर प्रत्येक संस्थाएं जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, धार्मिक स्थान, ग्राम पंचायत भवन, हाट बाजार परिसरों में स्वच्छता के लिए तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए डस्टबिन आदि का उपयोग करें। सर्वेक्षण के विषय,राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्त की गई एजेंसी एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा जिले में स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाना है। एक हजार अंको में रैंकिंग का निर्धारण के लिए जनता की राय, सेवा स्तर पर की गई प्रगति, सर्वेक्षण में पाए गए तथ्य और कचरे के निपटान के लिए स्थापित इकाईयों के प्रचलन की स्थिति यानी कुल चार बिंदु तय किए गए हैं। इन पैरामीटरों पर सर्वे दल द्वारा मौके पर ही मार्किंग की जाएगी जिससे ग्राम पंचायत और फिर जिले में स्वच्छता की रैंकिंग प्रदान की जाएगी।

## लेखपाल की ट्रेन से कटकर मौत, बिजुरी रेलवे स्टेशन पर मिला शव

**मनेंद्रगढ़।** मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में लेखपाल के पद पर कार्यरत शंकर राव का शव मध्यप्रदेश के बिजुरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में मिला है. आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शंकर राव का सिर और धड़ ट्रेन से कटकर अलग हो गया था. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, शंकर राव की मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है. पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि यह दुर्घटना थी या कोई अन्य कारण.

## कलेक्टर एवं एसपी ने ली कानून व्यवस्था की बैठक

**सूरजपुर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एस. जयवर्धन एवम पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर की अध्यक्षता में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, एसडीओपी सूरजपुर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतें एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की आशंका होते ही त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा पर भी चर्चा करते हुए उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी सड़कों पर जहां पानी भरे हैं उन्हें ठीक करने के निर्देश पीडब्लूडी विभाग को दिए ताकि कोई दुर्घटना न हो और सड़क की सुरक्षा भी हो सके। सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले और हेलमेट नहीं पहनने वाले दुपहिया वाहन चालकों पर नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में नशा के विरुद्ध अभियान को लेकर चलाए जा रहे योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में कहीं भी अवैध अतिक्रमण के मामले पाए जाने पर नोटिस देकर सभी अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए है।

## जागृति, संवाद, डान, साथी और आशा योजनाओं पर जिला न्यायालय में कार्यशाला आयोजित

**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय योजना 2025 के अंतर्गत जागृति, संवाद, डान, साथी और आशा योजनाओं पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, बैकुण्ठपुर के सभागार कक्ष में किया गया। यह कार्यशाला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो. रिजवान खान के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हाशिए पर रहने वाले कमजोर वर्गों जैसे आदिवासी, विमुक्त व घुमंतू जनजातियों, नशा पीड़ितों, बाल विवाह की शिकार बच्चियों और निराश्रित बच्चों को न्याय एवं आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित कराना है। सभी विभागों को मिली अहम भूमिका, इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर एक संयुक्त यूनिट का गठन किया गया है। इसमें कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत व नगर पालिका के सीईओ, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, एलएडीसीएस अधिवक्ता, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों सहित मनोचिकित्सक और औषधि नियंत्रण अधिकारी को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी, कलेक्टर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर डी.के. राहूल वेंकट, पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे, पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर चन्द्रमोहन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती साक्षी दीक्षित, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। न्यायपालिका की पहल को मिलेगा प्रशासनिक सहयोग, कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री खान ने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। सभी विभागों को एक मंच पर लाकर समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

## ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग के लिये दिया जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक कारगर बनाने की दिशा में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की जा रही है। राज्य स्तर पर यह प्रणाली सफलतापूर्वक निष्पादित की जा रही है। जिला स्तर पर इसके क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कोरिया जिले में डिजिटल कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष से आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले में कार्यरत सभी विभागों के कार्यालयीन कर्मचारी शामिल हुए। यह प्रशिक्षण जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री सुखदेव पटेल और राज्य से आए कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के संबंध में सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि समस्त शासकीय सेवकों को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है क्योंकि आने वाले भविष्य में सभी विभागों की फाइल अब पेपरलेस होकर ई-ऑफिस के माध्यम से ही संचालित होंगी। इस प्रक्रिया से जिले में शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में ई-ऑफिस प्रणाली एक बड़ा कदम होने जा रहा है।



इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त विभागों से नामांकित प्रत्येक विभाग के दो-दो अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। विदित हो कि विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों में ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया अब अंतिम चरण में हैं। इसी तारतम्य में आज मंथन सभाकक्ष में जिला प्रशासन के कर्मचारियों को ई-ऑफिस के कार्यप्रणाली, उपयोगिता और तकनीकी पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कर्मचारियों को फाइल प्रबंधन, ई-नोटिंग, ई-डिस्पैच, पत्राचार की प्रक्रिया, दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग, यूजर एक्सेस कंट्रोल और कार्य प्रवाह प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई । इसके साथ उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से समझाया कि, किस प्रकार से ई-ऑफिस का उपयोग दैनिक कार्यालयीन कार्यों में किया जा सकता है। साथ ही, प्रशिक्षण में ई-ऑफिस से जुड़ी सभी कार्यप्रणालियों का एवीएम (ऑडियो-वीडियो मटेरियल) के माध्यम से प्रदर्शन भी किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि मंत्रालय स्तर पर सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और जिला स्तर पर भी शीघ्र ही समस्त विभागों को इस प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिजिटल प्रक्रिया के अनुरूप दक्ष बनाना और शासन की पारदर्शी, समयबद्ध एवं पेपरलेस प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना रहा।

## राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सूरजपुर।** राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में आहूत की गई। जिसमें कलेक्टर एस.जयवर्धन ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीमांकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, भू-अभिलेख, भू-अर्जन प्रकरण, वन अधिकार पट्टा नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन आदि सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## धरती आबा अभियान की समीक्षा को बढ़ाया 15 जुलाई तक

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के संयुक्त सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस बैठक में सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की प्रगति , किसानों के लिए खाद बीज की उपलब्धता, खाद्यान्न वितरण, किसानों के पंजीयन सहित अन्य विषयों पर अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरिया चंद्रशेखर परदेशी, जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर डीडी मण्डावी सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए धरती आबा अभियान की समय-सीमा को 30 जून से बढ़ाकर आगामी 15 जुलाई तक किया गया है। इससे दूरदराज में रहने वाले आदिवासी समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ ले जाने मे और सहूलियत होगी। विभागीय अधिकारी अपने योजनाओं के लाभ से वंचित वर्ग को जोड़ने के लिए डोर टू डोर सर्वे अभियान आरंभ करें और जिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित हो रहे हैं वहां अपने मैदानी अमले को प्रत्येक परिवार तक पहुंचने के लिए निर्देशित करें। इससे हमें प्रत्येक योजना अंतर्गत हितग्राहियों के सेचुरेशन मोड तक आने में आसानी होगी।

आनलाइन इंट्री कार्य को बेहद सावधानी पूर्वक पूर्ण कराए जाने के निर्देश देते हुए श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक में पंजीयन कराएं, खाद और बीज की उपलब्धता पर निरंतर निगरानी करने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि परंपरागत धान की फसलों के अलावा दलहन और तिलहन की फसलों को प्रोत्साहित कर किसानों को इसके लिए तैयार करें।जल संरक्षण अभियान में निरंतर संरचनाएं बनाने के निर्देश देते हुए श्रीमती चंदन ने कहा कि ग्राम पंचायतों में प्लांटेशन के साथ ही सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। आवारा पशुओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि खेती का समय आ रहा है ऐसे में आवारा पशुओं की सही व्यवस्था कर उन्हे सड़कों पर आने से भी रोकना होगा। समय सीमा की बैठक में अन्य विभागीय आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी लेते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी को जल्द निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस बैठक में एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, राकेश साहू सहित सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

## रोजगार कार्यालय परिसर में लगेगा कैंप

**सूरजपुर।** प्लेसमेंट कैम्प जनपद पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में दिनांक 30 जून को समय 11:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजन रखा गया था। उक्त प्लेसमेंट स्थान जनपद पंचायत सूरजपुर में संशोधित कर रोजगार कार्यालय परिसर सूरजपुर किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक स्वतंत्र मायक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा फिल्ड ऑफिसर के कुल 20 पद एवं कलेक्शन ऑफिसर के कुल 10 पद हैं। शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण हैं।

## जनदर्शन के समय सारणी में परिवर्तन, प्रत्येक मंगलवार को लगेगा कलेक्टर जनदर्शन

**सूरजपुर।** कलेक्टर जनदर्शन के समय सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। परिवर्तन के पश्चात सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 तक जनदर्शन लगाया जायेगा। जिले वासियों से अपील है कि अपनी समस्याओं के समाधान और निराकरण हेतु जनदर्शन में मंगलवार के दिन अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

## अजय कुमार तिवारी को मिली पीएचडी की उपाधि


**सूरजपुर।** अजय कुमार तिवारी को ''हरिशंकर परसाई के साहित्य में चित्रित मध्यवर्गीय चेतना का अनुशीलन'' शीर्षक पर शोध कार्य पूर्ण करने पर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर के द्वारा पी-एच डी की उपाधि प्रदान की गई है।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना नवीन इकाइयों की स्थापना तथा पहले से संचालित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के विस्तार हेतु केन्द्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना में मशीन की संपूर्ण लागत पर 35 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। साथ ही इकाई स्थापित करने हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक, पिछले छः माह का बैंक स्टेटमेंट, राशन कार्ड या विद्युत बिल या निवासी संबंधी दस्तावेज आदि की आवश्यकता होगी। लाईसेंस प्राप्त करने हेतु संपूर्ण सहायता भी योजनांतर्गत प्रदान की जाएगी। खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत पोहा निर्माण, फ्लोर मिल, दाल मिल, तेल मिल, बेसन निर्माण, सत्तू निर्माण, मसाला उद्योग, बिस्किट, केक निर्माण, बेकरी, आलू चिप्स, केला चिप्स, अदरक लहसून पेस्ट, मूंगफल्ली प्रसंस्करण, बड़ी पापड़, रेडी टू ईट, मुरमुरा, मुर्रा, लड्डू, लाई, बताशा, आचार, पापड़, हल्दी मिर्च प्रोसेसिंग एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं। आवेदन डीआरपी के माध्यम से भी अपलोड कराया जा सकता है।

## ग्राम पंचायतों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कर वसूली बेहद आवश्यक

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जून माह में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस माह आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं के लिए चयनित 17 विषयों के बारे में अपेक्षित कार्यवाही को लेकर कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। ग्राम सभाओं के आयोजन को लेकर कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम पंचायतों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्राम पंचायतों को अपने आय के स्त्रोत मजबूत करने पर विशेष तौर पर ध्यान देना होगा। साथ ही समय पर कर वसूली कर प्रत्येक ग्राम पंचायत की एक निश्चित आय सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि और ग्राम पंचायत सचिव निरंतर कार्य करें। जून माह में आयोजित की जाने वाली ग्राम सभाओं में जिन विषयों को चर्चा और निर्णय के लिए रखा गया है उनमें ग्राम पंचायतों के पिछली तिमाही में आय व्यय के ब्यौरे शामिल होंगे। जल सरंक्षण अभियान आवा पानी झोंकी को और ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों को जनभागीदारी से कम से कम चार सोख्ता गढढ़ों के निर्माण कराए जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक परिवारों के द्वारा कार्य की मांग और उन्हे उपलब्ध कराए गए रोजगार और प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर समीक्षा की जाएगी। सामाजिक सहायता के तहत ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों को प्रदाय किए जा रहे पेंशन योजना का सामाजिक अंकेक्षण और सत्यापन कार्य, खाद्यान्न योजना के तहत वितरित होने वाले चावल वितरण आदि पर चर्चा, संबंधित पात्र हितग्राहियों के नामों का वाचन भी किया जाएगा।



ग्राम पंचायत स्तर पर ही जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने एवं विवाह पंजीयन की कार्यवाही हेतु लंबित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। मौसमी बीमारियों से बचाव और निदान की जानकारी प्रदान करते हुए पंचायत के पूर्व पदाधिकारियां से बकाया राशि वसूली की कार्यवाही भी इन ग्राम सभाओं में की जाएगी। ग्राम पंचायतों में आवारा पशुओं के मालिकों पर छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के तहत जुर्माना आरोपित करने के साथ ही पशुओं के व्यवस्था पर चर्चा कर निदान के तरीके भी प्रस्तावित किए जाएगें। समस्त शासकीय परिसरों में एक बेटी संग पांच पौधे रोपे जाने की कार्यवाही भी ग्राम सभाओं में प्रस्तावित की जाएगी साथ ही समस्त शैक्षणिक संस्थाओं आगनबाड़ी महतारी सदन, पंचायत भवन, गौठान, मुक्तिधाम, अमृत सरोवर तटों के अतिरिक्त सड़कों के किनारे और सामुदायिक भवनों के आस पास पौधरोपण और उनकी सुरक्षा के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जारी निर्देशों के तहत जून माह की ग्राम सभाओं में पोषण अभियान की प्रगति के साथ ही मादक पदार्थों के रोकथाम, नशामुक्ति हेतु कार्यक्रम आयोजित करने और ग्राम वासियों को जागरूक करने की कार्यवाही किया जाना है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान को मजबूत करने और छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त करने संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इन सभी विषयां पर की गई कार्यवाही और पारित निर्णयों को आनलाइन पोर्टल ग्राम सभा निर्णय पर मोबाइल एप्प के माध्यम से अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तेज हुई रथ यात्रा की तैयारी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी खरमोरा में नागरिक संगठन के द्वारा आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। उत्सव के लिए स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

शुक्ल पक्ष की शुरुआत 21 घड़ों के जल से भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा का महा स्नान कराया गया। मान्यताओं के अंतर्गत स्नान के बाद तीनों अस्वस्थ हो गए और फिर उन्हें क्वॉरेंटाइन किया गया। मंदिर के पुरोहित ने बताया कि विधान के अंतर्गत जड़ी बूटियां से बना पेय पदार्थ दिया जा रहा है। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को स्वस्थ होने के साथ अपने भक्तों को दर्शन देंगे। इस दिवस सुबह से अभिषेक पूजन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यात्रा आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि सुबह से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। भजन कीर्तन और पूजा अर्चना के बाद शाम को रथ यात्रा प्रारंभ होगी।

## मीसाबंदियों का होगा सम्मान

**कोरबा।** आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भाजपा के द्वारा मीसाबंदियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा मंडलों व शक्ति केंद्रों में संगोष्ठी आयोजित किए गए हैं। विद्युत मंडल सीनियर क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वैशाली रत्नपारखी, पूर्व सभापति रामनारायण सोनी के अलावा अनेकों वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश राठौर, डिलेंद्र यादव, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा के द्वारा तैयारी की जा रही है। कटघोरा मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बताया कि छुरी में दो मिसाबंदियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी मौजूद रहेंगे। केरवा शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कुदमुरा मंडल के महामंत्री उमेश्वर सोनी उपस्थित रहेंगे। फरसवानी मंडल में रामनारायण सर्राफ व कटघोरा में उत्तम रंधावा व अविनाश केशरवानी को संयोजक बनाया गया है।

## सत्यापन के लिए श्रमिक संगठन झोंक रहे ताकत

**कोरबा।** अगले माह एसईसीएल में श्रमिक संगठन के सदस्यों का सत्यापन होगा। इसके लिए इकाईयों में दो नंबर पर रहने वाले श्रमिक संगठन अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। गेवरा एरिया में एचएमएस और बीकेकेएमएस के मध्य मुकाबला है। यहां पर गिरजा साहू, उदयन अमृतलाल चंद्रा, तरूण राहा के द्वारा बैठक ली गई। जबकि बीकेकेएमएस के रमेश गुरुद्वान ने मिलकर अलग ही रणनीति बनाई है। गेवरा में एचएमएस और एसकेएमएस के मध्य टक्कर है। एसकेएमएस के दीपक उपाध्याय ने सभी कामगारों की बैठक लेते हुए संगठन को और मजबूत किया है जबकि एचएमएस के रेशमलाल यादव पूरी तरह आश्वस्त हैं कि उनका संगठन एक नंबर पर रहेगा। सरायपाली इकाई में एसकेएमएस व एसईकेएमसी के मध्य जोर आजमाइश है। यहां पर कृष्णा तिवार, अशोक परिहार, दिलोराम, राजेश साहू के द्वारा अलग-अलग तैयारी की जा रही है। रजगामार में रामनाथ कश्यप, राजेश साहू व कमर बख्श, प्रकाश चंद्र के द्वारा अलग-अलग बैठक ली गई है।

## कांग्रेस की बैठक में आंदोलन का निर्णय

**कोरबा।** खाद के लिए कांग्रेस ने प्रयास तेज कर दिए हैं। किसानों को सस्ते में खाद दिलाने के लिए जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान के द्वारा सभी ब्लॉकों में बैठक की जा रही है। पिछले दिनों नकटीखार में कांग्रेसियों की बैठक ली गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि अगर किसानों को सस्ते दर पर खाद नहीं मिलता है तो आंदोलन किया जाएगा। इसी तरह पाली ब्लॉक में भी कांग्रेसियों की बैठक हुई है और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है।

# अनाचार के बाद कर दी युवती की हत्या, चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन

### महिला सुरक्षा के दावों की निकल रही हवा



**कोरबा।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा पर कहीं काम हो रहा है तो कहीं ऐसे दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। कोरबा जिले की एक युवती से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। संवेदनहीनता का उदाहरण तब सामने आया जब अस्पताल के सामने मृत युवती का शव पड़ा रहा, पर प्रबंधन ने जरूरी कार्यवाही नहीं की। और तो और पुलिस ने भी पीड़ित परिजनों को यूं ही चलता कर दिया। नाराज परिजनों ने अपनी बेटी का शव एंबुलेंस से यहां लाया। हरदीबाजार के अमगांव चौराहे पर शव रखकर उन्होंने प्रदर्शन किया।

खबर के अनुसार छत्तीसगढ़ के सूरजपुर के सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में यह घटना हुई। खबर के अनुवसार कोरबा जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र के रलिया गांव निवासी उमेद दास की बेटी पुष्पांजलि महंत की कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। यह घटना तीन दिन पूर्व हुई, लेकिन सिंगरौली जिले की मोरवा पुलिस पर मामले को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं समझी। उस पर दोषियों को बचाने के गंभीर आरोप लगे हैं।

पुष्पांजलि महंत 22 वर्ष पिता उमेद दास नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड सिंगरौली में नौकरी करते थे, जिनका हाल ही में निधन हो गया। उनकी मां वर्तमान में अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी कर रही हैं। पुष्पांजलि भी उनके साथ यहां रहती थी। इसी सप्ताह उसके साथ यह अप्रत्याशित घटना हुई और फिर वह अपने परिवार से हमेशा के लिए दूर चली गई। परिजनों के अनुसार, पुष्पांजलि 22वर्ष का शव तीन दिनों से मोरवा के एक अस्पताल के बाहर रखा हुआ था। स्थानीय डॉक्टरों ने शव का पोस्टमॉर्टम करने से इनकार कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि कि शव खराब हो चुका है इसलिए पोस्टमार्टम संभव नहीं है। इसके बाद शव को रीवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां यह सोमवार देर रात पहुंचा।

परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि चार दिन बीत जाने के बावजूद न तो पोस्टमॉर्टम हुआ और न ही मामले में कोई ठोस कार्रवाई हुई। परिवार ने इस मामले में त्वरित जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मोरवा थाना पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### दुष्कर्म के आरोप को नहीं माना पुलिस ने

परिजनों ने बताया कि उन्होंने मोरवा थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया है, लेकिन पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप को दर्ज करने से इनकार कर दिया। इसके अलावा, पुलिस पर यह भी आरोप है कि वह पुष्पांजलि के रिश्तेदारों को थाने से भगा रही है, जिससे परिवार में आक्रोश और निराशा है।

# शराबखोरी के साथ मजे करने की छूट कॉफी प्वाइंट में

**कोरबा।** सैर-सपाटे और मनोरंजन के लिए सुविधाएं जरूरी है लेकिन इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि कहीं इसकी आड़ में गलत काम तो नहीं हो रहे। आउटसोर्सिंग पर चल रहे कॉफी प्वाइंट में अब शराबखोरी के साथ बहुत कुछ सुविधाएं देने की छूट की खबरें हैं। आए दिन इसे लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

लेमरू मार्ग पर कोरबा जिला मुख्यालय से 23 किलोमीटर दूर कॉफी प्वाइंट को पिछले वर्षों में डेवलप किया गया है। आसपास की हरियाली और यहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। कॉफी प्वाइंट की स्थिति को सुधारने के साथ इसे सुचारू संचालन के लायक बनाया गया है। प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों की पहुंच यहां हो रही है। इसके लिए 20 रुपए प्रति व्यक्ति प्रवेश शुल्क रखा गया है जबकि केंटिन और अन्य सुविधा का लाभ लेने के लिए 2000 रुपए की रसीद कटाना जरूरी किया गया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस आधार पर किसी भी कपल या अन्य संदिग्ध को कमरा प्राप्त हो सकता है। फिर बीयर और शराब पार्टी के साथ और भी कुछ हो सकता है। शर्त यही है कि रसीद कटाई जाए। आए दिन लोगों के यहां पहुंचने और दूसरों की देखा-देखी इस तरह की सुविधा का लाभ लेने की बात की जाती है तो संचालक के साथ तनातनी होती है। कहा जा रहा है कि सुविधाएं चाहिए तो रसीद तो कटानी होगी। फिर आप क्या करते हैं इससे कोई मतलब नहीं है। इस तरह की स्थिति में अगर कुछ अप्रिय घटना हो जाती है तो जवाबदेह कौन होगा, यह भी सुनिश्चित नहीं किया गया है। खबर के अनुसार वनमंडल कोरबा के अंतर्गत बालको रेंज में आने वाली दुधीटांगर समिति को यहां की व्यवस्था का जिम्मा दिया गया है। जिस तरह से यहां पर हालात बिगड़ रहे हैं उस पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है।

### पुलिस ने की कार्रवाई


एक सप्ताह पहले ही कॉफी प्वाइंट में रात को इन्हीं सब चक्कर में मारपीट की घटना तक हो गई जिसमें कोरबा का एक युवक घायल हो गया। उसे आनन-फानन में डॉयल 112 के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। बालकोनगर पुलिस ने इस घटना को लेकर अपराध पंजीबद्ध किया। जिस तरह से यहां की हरकतें चल रही है उससे लगता है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## अब लेक्टोमीटर से दूध में मिलावट की होगी जांच

**कोरबा।** त्यौहारी सीजन में नमकीन से लेकर पनीर, मिठाई और अन्य खाद्यान्न पदार्थों के सेम्पल की जांच करने का रिवाज बना हुआ है। ऐसे मामलों में सेम्पलों को जांच के लिए स्ट्रेट लैबोरेट्री रायपुर भेजने का नियम है। नतीजों के आधार पर संबंधित विक्रेताओं पर फूड सेफ्टी विभाग कार्यवाही करता है। खबर के अनुसार कोरबा जिले में डेयरी संस्थानों के द्वारा बेचे जा रहे दूध में इन दिनों क्वालिटी मेनटेन नहीं हो रही है।

## बारिश में निखरा गोविंदझुंझा जलप्रपात का सौंदर्य

**कोरबा।** बारिश के मौसम में प्रकृति के अलग-अलग रंग-रूप देखने को मिल रहे हैं। कहीं हरियाली तो कहीं और कुछ। कोरबा विकासखंड में चोरनई नदी पर मौजूद गोविंदझुंझा जलप्रपात का सौंदर्य इन दिनों निखर उठा है। लेमरू क्षेत्र से होकर आने वाली नदी देवपहरी के गोविंदझुंझा में जलप्रपात बनाती है। विपुल जलराशि का सैकड़ो फीट ऊंचाई से नीचे गिरना लोगों को मंत्रमुग्ध करता है। इस नजारे को देखने के लिए बारिश में सैलानी पहुंच रहे हैं।



## प्रेम विवाह करने पर परिवार ने नहीं अपनाया तो लगा ली फांसी

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के लखनपुर में युवक-युवती के शव पेड़ पर लटके मिले। मामले को खुदकुशी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम यहां पहुंची। पंचनामा के बाद बीएनएसएस की धारा में मर्ग कायम करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

घटना को लेकर दोनों मृतक के परिजनों को अवगत करा दिया गया है। जानकारी मिली कि चक्रधर नागवंशी पिता बबलू ग्राम लखनपुर और चंदा निवासी भैंसमा करमंदी की इस घटना में मौत हो गई। आज सुबह इनके शव फंदे पर देखे गए। कुछ ही देर में इनकी पहचान भी हो गई। पता चला कि दोनों के बीच कुछ समय से अफेयर था। कुछ दिन पहले ही उन्होंने विवाह कर लिया था और परिवार को इसकी जानकारी दी थी। परिवार के द्वारा किन्हीं कारणों से इस रिश्ते को स्वीकृति नहीं दी गई जिससे युवक-युवती के सामने आगे की समस्या खड़ी हो गई। इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने खुद को समाप्त कर लिया। पुलिस ने प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही है।

# मशीन बदली : राशन के लिए चक्कर, कार्ड जाम

### विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ गई लोगों की परेशानी



**कोरबा।** कटघोरा सबडिवीजन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन को लेकर लोग परेशान हो रहे हैं। खबर हमें बताया गया की पुरानी बड़ी मशीन वापस लेने के साथ छोटी मशीन उपलब्ध कराई गई है। ओटीपी से लेकर अन्य प्रोसिडिंग में समस्या हो रही है और इस वजह से राशन पानी के लिए लोग हफ्ते भर से चक्कर लगा रहे हैं।

कटघोरा नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक समितियां में राशन को लेकर परेशानी बनी हुई है। जून में चावल उत्सव मनाने की घोषणा करने के बाद लोग उत्साहित थे कि उन्हें अगले 3 महीने का राशन एक साथ मिलने वाला है और आगे के दो महीना की झंझट खत्म होने वाली है। इसी के साथ जब तकनीकी व्यवस्थाओं को बदल गया तो नई समस्याएं सामने आ गई। स्थिति ऐसी है कि पहले लोगों को जो राशन एक दिन में मिल जाया करता था अब उन्हें 7 दिन प्रतीक्षा करनी पड़ रही है और कई घंटे इसी काम के लिए समर्पित करने पड़ रहे हैं। बताया गया कि राशन वितरण की एंट्री करने के लिए पहले जो संसाधन दिए गए थे उसे वापस दे दिया गया है और अब नई चीज उपलब्ध कराई गई है। अगले महीने राशन मिलेगा या नहीं और कहीं उनका कोटा लेप्स ना हो जाए, इस डर के मारे हर कहीं लोग हड़बड़ी में है। लोगों ने बताया कि कई दिन से दुकानों के चक्कर काटने पर भी उन्हें राशन लेने में सफलता नहीं मिल पा रही है। एक-एक दुकान में काम से कम 200 से ढाई सौ कार्ड जाम हो गए हैं और ऐसे में समस्या बढ़ती जा रही है।

## हनुमान चालीसा पाठ में जुटे श्रद्धालु

**कोरबा।** करतला कलगामार चोरभट्ठी में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का भक्तिमय कार्यक्रम किया गया। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। उन्होंने कामकाज की सफलता और सभी क्षेत्र में मंगल के लिए रामभक्त हनुमान की पूजा की गई।

## बड़ी संख्या में कनकी पहुंचे प्रवासी पक्षी

**कोरबा।** जिले के कनकीधाम में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंच गए हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा पेड़ों के नीचे जाली लगाने के साथ ही सुरक्षा के कई उपाय किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रवासी पक्षियों का यहां आना 15 दिन के बाद से शुरू हो जाता है और चार महीने तक यहां रहने व प्रजनन के बाद अपने वतन को प्रवासी पक्षी लौटते हैं। बताया जा रहा है कि पक्षियों ने यहां स्थित पेड़ो को बसेरा बनाया है तथा उस पर घोंसला बनाने के साथ ही अब अंडा देने की तैयारी में लग गए हैं।



## कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या कायम

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के केंदई, पसान व चैतमा रेंज में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी करने के साथ गांवों में मुनादी कराई जा रही है तथा ग्रामीणों को सतर्क करने का काम किया जा रहा है और ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

जय श्रीराम
प्लाट बेचना है
दादर-कोरबा मेनरोड में 20 डिसमिल का प्लाट बेचना है।
डायवर्टेड प्लाट/मकान खरीदी-बिक्री हेतु
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

## ध्यान रखें अपने कपड़ों पर, चोरों की है नजर

**कोरबा।** लोगों को कपड़े के मामले में कोई भी समझौता मंजूर नहीं होता और वह दूसरों के कपड़ों का इस्तेमाल करने से बचते हैं। लेकिन इन सबसे अलग कोईलांचल कुसमुंडा के रेजिडेंशियल कंपलेक्स में कुछ दिनों से कपड़ों की चोरी हो रही है। खास कपड़ों पर चोरों का दिल आ रहा है और वह पलक झपकते इन्हें पार कर दे रहे हैं।

लगातार हो रही घटनाओं से इस बात की जरूरत को महसूस किया जा रहा है कि अब कपड़ों को सूखाने के लिए सुरक्षा घेरा की आवश्यकता है। खबर के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की विकास नगर और आदर्श नगर कॉलोनी में लगातार इस प्रकार की घटनाएं हो रही है। बताया गया कि कहीं लेडिस अंडरगारमेंट तो कहीं जेंट्स गारमेंट्स की चोरी रात में या दिनदहाड़े की जा रही है। इलाकों का चयन किए जाने से ऐसा लग रहा है कि चोरों ने अपने स्टैंडर्ड के साथ कपड़ों के ब्रांड को ध्यान में रखा है। पिछले दिनों कोरबा क्षेत्र में इस प्रकार के मामले सामने आए थे और इसकी तस्वीर मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई थी। यह बात अलग है की चोरी चकारी करने वालों को आखिरकार नहीं पकड़ा जा सका। कुछ दिनों तक लोगों ने सतर्कता दिखाई तो कुसमुंडा इलाके पर फोकस किया है और इस तरफ घटनाएं कर रहे हैं। बताया गया कि आवासीय परिसर में कुछ घर के सामने सूखने के लिए डाले गए कपड़ों की चोरी कर ली गई। लोगों की समझ में नहीं आ रहा है आखिर चोरी करने वाला वर्ग जरूरतमंद है या फिर उसकी कोई समस्या है।



**यातायात नियमों से खिलवाड़ नामंजूर :** ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को नियम सिखाना शुरू कर दिया है। अनेक गाड़ियों से ब्लैक फिल्म और बुलेट से मोडिफाइड साइलेंसर हटाने की कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि जो चीजें सुरक्षित यातायात के लिए जरूरी है, उन पर अमल करना ही होगा। ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई करने के साथ वाहन मालिकों से पेनाल्टी वसूल की जा रही है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com